दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 2 | अभिव्यक्ति 3 | आंचलिक 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, सोमवार 17 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-7 अंक-75, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सचिन और सीमा की कथित प्रेम कहानी को लेकर कुछ खबरिया चैनल अति कर रहे है। इस पर डिबेट करा रहे है और उसमें पाकिस्तानी पेनेलिस्टों की शिरकत करा रहे हैं। जो भारत सरकार को ही गरिया रहे है। समझ में नहीं आता कि इन खबरिया चैनलों को पाकिस्तानियों को डिबेट में शामिल करने से क्या हासिल होता है? जो दिमाग से पैदल होते है और उनका एक सूत्रीय कार्यक्रम भारतीय चैनलो के माध्यम से भारत के खिलाफ ही जहर उगलना होता है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर दुश्मन देश को मंच उपलब्ध कराना घोर निंदनीय कृत्य है।

चंद्रयान-3 पृथ्वी की अगली कक्षा में पहुंचा

बंगलुरु (ए.)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने शनिवार को चंद्रयान -3 की पहली ऑर्बिट रेजिंग की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। यानी चंद्रयान अब पृथ्वी की अगली और पहले से बड़ी कक्षा में पहुंच गया है। ये प्रोसेस इसरो के बेंगलुरु स्थित टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क से कंट्रोल की गई। 31 जुलाई तक ऑर्बिट रेजिंग की प्रक्रिया 4 बार और की जाएगी। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया, 'चंद्रयान-3 सही कंडीशन में है। यान एक ऐसी ऑर्बिट (कक्षा) में है, जो पृथ्वी से सबसे नजदीक होने पर 173 किलोमीटर और सबसे दूर होने पर 41,762 किलोमीटर की दूरी पर है।

अमेरिका में 80 हजार भारतवंशियों ने सेल्फ डिफेंस में लिया गन

वजह- नस्लीय हमले बढ़े; 2 साल पहले सिर्फ 40 हजार के पास थीं बंदूकें

न्यूयार्क (ए.)। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा के मामले बढ़ने के बाद दो साल में 80 हजार भारतीयों ने नए गन लाइसेंस लिए हैं। अमेरिका में रहने वाले लगभग 40 लाख भारतीयों में पहले बंदूकें रखने का ट्रेंड नहीं था। दो साल पहले मात्र 40 हजार भारतीयों के पास ही बंदूकें थीं। अमेरिका के नेशनल फायर आर्म्स सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, अब गन लाइसेंस वाले भारतीयों की संख्या बढ़कर एक लाख 20 हजार हो गई है। सर्वे के अनुसार 80 हजार भारतीयों ने गन लाइसेंस के लिए अप्लाई करने का मन बनाया है। अमेरिका में भारतीय समुदाय सबसे शांतिप्रिय समझा जाता है। यहां हर 100 अमेरिकियों पर 120 बंदूकें हैं।

देशभर में 80रु किलो टमाटर बेच रही सरकार

नई दिल्ली/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने आम लोगों को राहत देने के लिए आज यानी रविवार से टमाटर 80 रुपए प्रति किलो में बेचना शुरू किया है। पहले इसे 90 रुपए प्रति किलो में बेचा जा रहा था। सरकार ने कहा कि देशभर की 500 से अधिक जगहों पर कीमत का दोबारा आकलन करने के बाद 16 जुलाई से टमाटर ?80/किलो बेचने का फैसला लिया गया है।

नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन **शेष पृष्ठ 5 पर**

जो कार्य राजा-महाराजाओं, नवाबों और पिछली सरकारों ने मिलकर नहीं किया वो बीते 20 सालों में हमने कर दिखाया

कुक्षी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के भूमि-पूजन में बोले मुख्यमंत्री चौहान

मेघनाद घाट का होगा विकास, सरदार सरोवर तक चलाया जाएगा क्रूज

मुख्यमंत्री चौहान ने विकास पर्व का शुभारंभ किसान एवं श्रमिक के साथ भूमि-पूजन कर किया

2771 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कहा कि राजा-महाराजाओं, नवाबों और पिछली सरकारों के सालों साल के शासन में जितना विकास नहीं हुआ, उससे कई गुना ज्यादा हमारी सरकार ने पिछले 20 सालों में कर दिखाया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज कुक्षी माइक्रो उद्ववहन सिंचाई परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में आज से प्रारंभ हुए विकास पर्व की शुरूआत स्थानीय कृषक मोहन सिंह चौहान, उनकी पत्नी श्रीमती रंगीली बाई और श्रमिक श्री पर्वत के साथ 2771 करोड़ 16 लाख के विकास कार्यों के भूमि-पूजन से की। विकास पर्व आगामी 14 अगस्त तक चलाया जायेगा, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के भूमि-पूजन/लोकार्पण के साथ ही जन संवाद, हितग्राही सम्मेलन, रोड-शो आदि आयोजित किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत 20 वर्षों में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए **शेष पृष्ठ 5 पर**

सागर में ट्रक-कार में भिड़ंत, 6 लोगों की मौत

सागर/नवप्रदेश। सागर में ट्रक और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा सानौधा थाना क्षेत्र के बमोरी डूंडर गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। जबकि ट्रक सड़क से नीचे उतर गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में एक शख्स घायल हुआ है। जिसे सागर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले सभी कार सवार थे। कार में ड्राइवर समेत 7 लोग सवार थे। 7 लोग कार से सागर से शाहपुर डैम में मछलियों को दाना डालने जा रहे थे। इसी दौरान सानौधा की ओर से आ रहे ट्रक से से कार भि? गई। घटना में कार के परखच्चे उ? गए। ट्रक स?क किनारे खंती में उतर गया। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

हादसे में इन लोगों की गई जान

1. मुकेश रैकवार (28) 2. पंकज रैकवार (35) 3. ब्रजेश ठाकुर (30) 4. अर्पित जैन (30) 5. गणेश रैकवार (45) 6. पवन रैकवार (35) शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

कार सवार सभी लोग सागर से शाहपुर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वे शाहपुर डैम में मछलियों को दाना डालने जा रहे थे। तभी सानौधा की ओर से आ रहे ट्रक से उनकी कार टकरा गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

येवगेनी प्रिगोजिन से छीनी जाएगी वैगनर ग्रुप की कमान

मास्को (ए.)। रूस में पुतिन के तख्तापलट की कोशिश करने वाले येवगेनी प्रिगोजिन का कुछ पता नहीं चल रहा है। पूर्व अमेरिकी जनरल रॉबर्ट अब्राहम के मुताबिक वो कभी नजर नहीं आने वाले हैं। इन सभी रिपोर्ट्स के बीच खबर है कि पुतिन वैगनर को लीड करने के लिए एक नया हेड नियुक्त करने वाले हैं। तख्तापलट की कोशिश के 5 दिन बाद पुतिन ने वैगनर प्रमुख प्रिगोजिन और उनके कई टॉप फाइटर्स से बातचीत की थी। इस दौरान वैगनर के भविष्य पर बात हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन ने आगे काम करने के लिए उन्हें कई ऑप्शन दिए थे।

दिल्ली में यमुना का पानी घटा, खतरा बरकरार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में शनिवार रात को तीन घंटे में 11 मिली बारिश हुई। आज भी हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। रविवार सुबह 9 बजे तक यमुना का वाटर लेवल घटकर 205.98 पर आ गया। बारिश के बाद राजधानी के कई इलाकों में पानी भर गया। पेड़ों के उखड़ कर गिरने के चलते कई सड़कें ब्लॉक हो गईं। पुलिस ने कई रास्तों पर न जाने की एडवाइजरी जारी की है।

अजित एनसीपी मंत्रियों के साथ चाचा शरद से मिले

प्रफुल्ल पटेल बोले- हमने पैर पकड़कर उनका आशीर्वाद लिया; उन्होंने हमें सुना, बोले कुछ नहीं

मुंबई/नवप्रदेश (ए.)। अजित पवार और उनके गुट के विधायक रविवार को शरद पवार से मिलने पहुंचे। यह मुलाकात वाईबी चह्वाण सेंटर में हुई। मुलाकात के बाद अजित गुट वाली NCP के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमने पैर पकड़कर शरद पवार जी का आशीर्वाद लिया।

पटेल ने कहा- हमने उनसे विनती की कि NCP पार्टी साथ रहे और मजबूती से आगे बढ़े, इस बारे में विचार करें। उन्होंने हमें कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। हां, उन्होंने शांत होकर हमारी बातें सुनीं।

शरद पवार से मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि शरद पवार साहब यहां मौजूद हैं, तो हम बिना उन्हें सूचित किए यहां आ गए। एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों की यह पहली बैठक है।

इससे पहले 14 जुलाई को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने NCP प्रमुख शरद पवार से उनके घर पर मुलाकात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अजित अपनी चाची प्रतिभा पवार (शरद पवार की पत्नी) से मिलने गए थे, जिन्हें एक सर्जरी के बाद 14 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

केंद्र के अध्यादेश पर केजरीवाल के साथ कांग्रेस

नई दिल्ली/नवप्रदेश(ए.)। 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक होने जा रही है। मीटिंग से एक दिन पहले कांग्रेस ने दिल्ली अध्यादेश पर अपना रुख साफकर दिया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- हम केंद्र के अध्यादेश का समर्थन नहीं करेंगे। इसके साथ ही वेणुगोपाल ने विपक्ष की बैठक में आम आदमी पार्टी के हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी। वेणुगोपाल ने कहा- वे (AAP) कल बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। विपक्ष की इस बैठक में 25 दल शामिल होंगे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए अध्यादेश पर विपक्ष का साथ मिलना काफी जरूरी है। दरअसल, केंद्र सरकार 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में जो 21 विधेयक पेश करेगी, उसमें दिल्ली अध्यादेश भी शामिल है।

अध्यादेश के खिलाफ मांग रहे सपोर्ट: 20 मई को केंद्र सरकार ने दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर अध्यादेश जारी किया था। इसके तहत फैसले लेने का पूरा अधिकारी दिल्ली के LG के पास रहेगा। केजरीवाल इसका विरोध कर रहे हैं।

ममता, पवार और केसीआर से मिल चुके केजरीवाल

केजरीवाल ने 21 मई को कहा था कि केंद्र सरकार इस अध्यादेश को कानून बनाने के लिए राज्यसभा में बिल लाती है तो विपक्ष हमारा साथ दे। विपक्ष एक साथ होगा तो 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा खत्म हो जाएगी। केजरीवाल अध्यादेश का विरोध करने के लिए अब तक 3 मुख्यमंत्रियों से मिल चुके हैं। 21 मई को खुद बिहार के ष्टरू नीतीश कुमार उनसे मिले और उनका समर्थन किया। 23 मई को केजरीवाल कोलकाता गए और ममता बनर्जी से समर्थन मांगा।

बृजभूषण के खिलाफ धरना देने वाली रेसलर को ब्रॉन्ज

पानीपत (ए.)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली महिला पहलवानों में शामिल संगीता फोगाट ने भारत का नाम एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। संगीता ने हंगरी के बुडापेस्ट में पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैंपियनशिप में हंगरी की विक्टोरिया बोरसोस को हराकर 59 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

संगीता ने तीसरे-चौथे स्थान के मैच में अपने हंगेरियन प्रतिद्वंद्वी को निर्णय द्वारा जीत (वीपीओ1) में 6-2 से हराया। संगीता ने टेकडाउन मूव के साथ बढ़त बना ली। हालांकि हंगरी की पहलवान ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय पहलवान ने उग्र हमला किया। संगीता ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडल विजेता बजरंग पुनिया की पत्नी और राष्ट्रमंडल खेलों की गोल्ड मेडल विजेता गीता फोगाट की बहन है।

आईटीआर भरने की लास्ट डेट 31 जुलाई

देर की तो भरना पड़ेगा 5000 रु. का जुर्माना

नई दिल्ली (ए.)। वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए 31 जुलाई तक इनकम टैक्स रिटर्न भरना है। ऐसे में अगर आपने अब तक आईटीआर फाइल नहीं किया है तो जल्द से जल्द कर दें। ऐसा नही करने पर आप कई तरह के सरकारी छूट से वंचित हो सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, आईटीआर भरते समय आपको कुछ जरूरी सावधानी रखनी चाहिए। इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप घर बैठे आसानी से अपना आईटीआरफाइल कर सकते हैं।

ऐसे फाइल कर सकते हैं आईटीआर :र इसके लिए सबसे पहले आपको इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट (https:// eportal. incometa&.gov.in/iec/foservices/#/login) पर जाना होगा और वहां मांगी गई जानकारियों को भरना होगा।

मां सोनिया का हरियाणवी गाने पर डांस, बहन प्रियंका महिलाओं के गले लगीं तो राहुल ने किया वीडियो शेयर

नई दिल्ली(ए.)। राहुल गांधी ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें हरियाणा के सोनीपत से आई कुछ महिलाएं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ हरियाणवी गाने पर डांस करती हुई दिख रही हैं।

करीब 12 मिनट के इस वीडियो में सोनीपत की कुछ महिलाओं को दिल्ली लाने, घुमाने और अंत में उनकी सोनिया, प्रियंका और राहुल से मुलाकात शामिल है। वीडियो में प्रियंका गांधी के आवास पर पहुंची इन महिलाओं से राहुल पूछते दिख रहे हैं- कैसी लगी दिल्ली, घूमा कि नहीं? इसके बाद उनके साथ सोनिया, प्रियंका और राहुल लंच करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो के शुरुआती हिस्से में राहुल और सोनीपत के दो किसानों के बीच बातचीत है। 8 जुलाई को शिमला जाने के दौरान राहुल सोनीपत के मदीना गांव में इन किसानों से **शेष पृष्ठ 5 पर**

संपादकीय

आफत पर भी सियासत अनुचित

इस बार मानसून ने आधे देश में कहर ढा दिया है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलावा देश की राजधानी नई दिल्ली में भारी बारिश और बाढ़ के कारण मुसीबत झेल रही है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सरकारें प्रकृति के इस प्रकोप से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए कमर कसकर जुटी हुई है। केन्द्र सरकार भी उन्हें हर संभव मदद मुहैय्या करा रही है। वहां की राज्य सरकारें इसे लेकर कोई राजनीति नहीं कर रही है। लेकिन नई दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार इस आफत पर भी सियासत करने से बाज नहीं आ रही है। केजरीवाल सरकार की घोर लापरवाही का खामियाजा ही दिल्ली के बाशिंदों को घोर बाढ़ के रूप में भुगतना पड़ रहा है। अपनी इस नाकामी पर पर्दा डालने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के तमाम नामी गिरामी नेता दूसरों पर ही इस आफत का ठीकरा फोड़ने में लगे हुए है। वे केन्द्र सरकार और पड़ोसी राज्यों को इस बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराकर अपनी जिम्मेदारी से भागने की कोशिश कर रहे है। बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की जगह प्रेस कांफ्रेंस करके वे केन्द्र सरकार पर निशाना साधने में लगे हुए है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने तो सीधे यह आरोप लगा दिया है कि भाजपा ने ही दिल्ली में बाढ़ लाने की साजिश रची है। जवाब में अब भाजपा नेताओं ने भी आम आदमी पार्टी पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। नतीजतन कुदरती आफत पर अब जम कर सियासत हो रही है। जबकि दिल्ली के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के लोग अभी तक राहत की बांट जोह रहे हैं। लाखों लोग बेघर हो गए है और सड़कों पर ही भूखे प्यासे समय काट रहे है। नई दिल्ली सरकार इन बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में पूरी तरह विफल सिद्ध हो रही है। ये भूखे प्यासे लोग सरकार को कोस रहे हैं। नई दिल्ली में अभी और पानी गिरने की संभावना बताई जा रही है। जिससे वहां स्थिति और बिगड़ सकती है। हालाकि अब वहां सेना ने मोर्चा संभाल लिया है और एनडीआरएफ की टीमें भी राहत व बचाव कार्य में दिन रात जुटी हुई। लेकिन शासन प्रशासन पंगू बना हुआ है। खास तौर पर राज्य सरकार तो इस समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर पहल करती नजर नहीं आ रही है। आम आदमी पार्टी के नेता बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में फोटो सेशन कराकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रहे हैं। बाढ़ के साथ ही अब दिल्ली में महामारी फैलने का खतरा भी पैदा हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम फेल हो जाने के कारण नालों और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है जिससे महामारी फैलने की आशंका पैदा हो गई है। इस समस्या से निपटने के लिए प्रभावी पहल करने की तीव्र आवश्यकता है और यह काम भी राज्य सरकार के वश का रोग नहीं लगता। इसलिए केन्द्र सरकार को इस दिशा में प्रभावी पहल करनी चाहिए ताकि दिल्ली के लोगों को महामारी से बचाया जा सके।

विशेष

बोर्ड एग्जाम में बहुत ज्यादा अंक के मायने

यह एक आम अनुभव है कि छात्र आज राज्य और राष्ट्रीय स्तर की बोर्ड परीक्षाओं में पहले की तुलना में अधिक अंक प्राप्त करने लगे हैं। इस 'ग्रेड मुद्रास्फीति' का प्रत्यक्ष परिणाम यह है कि पिछले कुछ वर्षों में कॉलेज प्रवेश के लिए कट-ऑफ लगातार बढ़ रही है। पैरी तौर पर ज्यादा अंक फायदे का सौदा लग सकते हैं, क्योंकि इससे छात्र, स्कूल, अभिभावक और राजनेता सभी खुश हो जाते हैं। फिर भी, कुल मिलाकर इसका शिक्षा-व्यवस्था पर दीर्घकालिक हानिकारक प्रभाव पड़ता है। परीक्षा में मिलने वाले अंकों का लगातार बढ़ते जाना मतलब 'ग्रेड मुद्रास्फीति' एक अंतरराष्ट्रीय घटना है, पर भारत में स्थिति कुछ अनोखी है। भारत में प्राप्तांकों का बढ़ना बोर्डों के बीच प्रतिस्पर्द्धा का भी परिणाम है। कई राज्यों में, राज्य और केंद्रीय, दोनों बोर्डों के छात्र कॉलेज की सीटों के लिए प्रतिस्पर्द्धा करते हैं। कॉलेज बोर्ड परीक्षाओं में उनके अंकों के आधार पर छात्रों का चयन करते हैं। अमूमन शिक्षा बोर्डों के बीच तुलना करते समय कोई समायोजन नहीं किया जाता है। गौर करने की बात है कि 1970 और 1980 के दशक में केंद्रीय बोर्डों ने उन इलाकों में छात्रों को ज्यादा अंक देना शुरू कर दिया था, जहां उन्हें लगा कि उन्हें अपने छात्रों को संबंधित राज्य बोर्डों के साथ प्रतिस्पर्द्धा योग्य बनाने के लिए ऐसा करना होगा। धीरे-धीरे अन्य शिक्षा बोर्डों को भी एहसास हुआ कि वे भी ऐसा कर सकते हैं या उन्हें भी ऐसा करना होगा, तो धीरे-धीरे सबने ज्यादा अंक देना शुरू कर दिया। आज हर विषय में सौ प्रतिशत या उसके करीब अंक आना आम बात है। दिलचस्प है कि नागालैंड में 1975-79 के बीच बोर्ड के उच्चतम अंकों का औसत 75.4 प्रतिशत था, जो 1980-84 में बढ़कर 89.9 प्रतिशत और 2015 में बढ़कर 97.6 फीसदी हो गया। 2020 से चार वर्षों का औसत, जिसमें कोविड काल भी शामिल है, 98.8 प्रतिशत है। अन्य राज्यों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। शीर्ष छात्रों को साल-दर-साल अधिक से अधिक अंक मिलने लगे हैं। इसके कई नकारात्मक नतीजे भी होते हैं। सबसे पहले इससे छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों पर ज्यादा अंक लाने का दबाव बढ़ जाता है। कॉलेज में प्रवेश को लेकर भी तनाव बढ़ जाता है। छात्र ट्यूशन के लिए मजबूर होते हैं। दूसरी गंभीर समस्या, जिसे अक्सर महसूस नहीं किया जाता, वह यह है कि बोर्ड भी परीक्षा की कठिनाई व प्रश्नों के प्रकार को कम करना शुरू कर देते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र उच्च अंक प्राप्त कर सकें। वे बहुत उदारता से अंक देते हैं। ज्यादा अंक लाने की होड़ अंकों के महत्व को बढ़ा देती है और सीखने-सिखाने पर कम जोर देती है।

किशन भवनानी

सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस और कस्टम्स टैक्स चोरी रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। अब जीएसटी से जुड़े मामलों में ईडी सीधा दखल दे सकेगी। जीएसटी नेटवर्क का पूरा डाटा भी ईडी से साझा किया जा सकेगा। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के लिए प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग कानून बनाया गया है, इसकेतहत सरकार यासार्वजनिक प्राधिकरण को गैरकानूनी तरीके से कमाए गए धन और संपत्ति को जब्त करने का अधिकार दिया गया है। साल 2002 में धन शोधन निवारण अधिनियम या प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को पारित किया गया था।उसके बाद एक जुलाई 2005 में इस अधिनियम को लागू किया गया। मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के लिए प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग कानून को तैयार किया गया था। इसके तहत सरकार गैरकानूनी तरीके से कमाए गए संपत्तियों को जब?त करने का अधिकारी रखती है. साल 2002 में इस कानून को पारित किया गया था. हालांकि धन शोधन निवारण अधिनियम या प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को 1 जुलाई 2005 को लागू किया गया।

उड़ी बाबा... जीएसटी में ईडी की एंट्री!

जीएसटी से जुड़े मामलों में ईडी के दख़ल की अधिसूचना जारी - कारोबारियों में हड़कंप

वैश्विक स्तरपर हर देश में विकास के लिए संस्थागत ढांचा सहित अनेक विकास कार्य होते हैं ताकि जनमानस की सुविधाओं का विस्तार हो सके और उनका जीवन स्तर सुरक्षित संपन्न और प्रगतिशील बने। परंतु इन सब सुख सुविधाओं के लिए आज पैसों की जरूरत होती है जो किसी भी देश के शासन द्वारा टैक्स के माध्यम से जनता से वसूल किया जाता है। फर्क इतना है कि साधन संपन्न अमीर लोगों से टैक्स वसूल कर जनमानस जनहित गरीबों के हित में अनेक नीतियां रणनीतियां योजनाएं बनाकर टेंक्स कलेक्शन खर्च कर दिया जाता है। परंतु टैक्स में लीकेजेस की समस्या करीब करीब हर देश को है जिसे रोकने के लिए हर देश अपने अपने स्तरपर कानून कायदे नियमावलीयां बनाता है जिसमें पारदर्शिता प बढ़ें और टैक्स बचाने के गलत तरीकों का पर्दाफाश हो और ऐसा घपला करगवर्नमेंट को चूना लगाने वालों को सलाखों के पीछे लाया जा सके, ठीक इसी तर्ज पर भारत में भी आयकर, कस्टम कानून, अप्रत्यक्ष कर जीएसटी कानूनों में समय-समय पर संशोधन किए जाते हैं। इसी कड़ी में 7 जुलाई 2023 को एक अधिसूचना जारी की गई है जिसमें, इनडायरेक्ट टैक्स और कस्टम टैक्स चोरी को रोकने के लिए सरकार की ओर से एक और कदम उठाया गया है। सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, जीएसटी नेटवर्क का डाटा की पूरी सूचना ईडी को दी जाएगी। अधिसूचना पीएमएलए की धारा 66(1)(iii) के तहत ईडी और जीएसटीएन के बीच जानकारी साझा करने के संबंध में है। गौरतलब है कि जीएसटी को लागू किए 6 साल हो चुका है। इस दौरान 2017 से बढ़कर टैक्सपेयर की संख्या दो गुनी हुई है और अभी करीब 1.4 करोड़ टैक्सपेयर्स हैं. वहीं एवरेज मंथली राजस्व भी 2017-18 में लगभग 90, हज़ार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.69 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। अब जीएसटी से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सीधा दखल देगा। जीएसटी में गड़बड़ी करने वाले व्यापारी, कारोबारी या फर्म के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर सकेगी। चूंकि कारोबारियों में जीएसटी में ईडी की इंट्री की अधिसूचना के खौफ से हड़कंप मचा हुआ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, उई बाबा ; जीएसटी में

ईडी की एंट्री! साथियों बात अगर हम जीएसटी में ईडी की इंट्री की करें तो, गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स में गड़बड़ी को रोकने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेट टैक्स नेटवर्क को पीएमएलए के तहत लाने के लिए अधिसूचना जारी की है। अब जीएसटी से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सीधा दखल देगा। जीएसटी में गड़बड़ी करने वाले व्यापारी, कारोबारी या फर्म के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर सकेगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस और कस्टम्स टैक्स चोरी रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। अब जीएसटी से जुड़े मामलों में ईडी सीधा दखल दे सकेगी। जीएसटी नेटवर्क का पूरा डाटा भी ईडी से साझा किया जा सकेगा। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के लिए प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून बनाया गया है, इसकेतहत सरकार यासार्वजनिक प्राधिकरण को गैरकानूनी तरीके से कमाए गए धन और संपत्ति को जब्त करने का अधिकार दिया गया है। साल 2002 में धन शोधन निवारण अधिनियम या प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को पारित किया गया था।उसके बाद एक जुलाई 2005 में इस अधिनियम को लागू किया गया। मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के लिए प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून को तैयार किया गया था। इसके तहत सरकार गैरकानूनी तरीके से कमाए गए संपत्तियों को जब?त करने का अधिकारी रखती है. साल 2002 में इस कानून को पारित किया गया था. हालांकि धन शोधन निवारण अधिनियम या प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को 1 जुलाई 2005 को लागू किया गया।

साथियों बात अगर हम 7 जुलाई 2023 को जारी अधिसूचना मुद्दे पर राजनीतिक विरोध की करें तो जीएसटी काउंसिल की 50 वी इस बैठक के शुरू होने के साथ ही जीएसटी को पीएमएलए एक्ट के तहत लाने के फैसले का विरोध भी शुरू हो गया था। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्य सरकारों ने जीएसटी परिषद की बैठक में केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। दिल्ली के सीएम ने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार ने जीएसटी को भी पीएमएलए कानून के तहतप्रवर्तन निदेशालय के अधीन ला दिया है, अब अगर कोई कारोबारी जीएसटी नहीं भरेगा तो ईडी सीधे उसे मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लेगी और उसे जमानत भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी पूरा जीएसटी चुका रहे हैं, उन्हें भी कुछ प्रावधानों में फंसाया जा सकता है और जेल में डाला जा सकता है। यानें केंद्र सरकार देश के किसी भी कारोबारी को जब चाहे जेल भेज देगी। उन्होंने इसे खतरनाक बताते हुए कहा कि छोटे व्यापारी भी इसकी चपेट में आ जायेंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में सभी लोग इसके खिलाफ बोले, उन्होंने केंद्र सरकार से इस फैसले को तुरंत वापस लेने को कहा है। विपक्ष में नेता और भारत की सबसे पुरानी पार्टी ने बताया तानाशाही केंद्र सरकार के इस फैसले काको भी विरोध कर रही है सबसे पुरानी पार्टी के मीडिया पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन ने भीजीएसटी काउंसिल की बैठक के दौरान ट्वीट किया कि जीएसटी को पीएमएलए के तहत लाने से ईडी को किसी भी व्यापारी को गिरफ्तार करने का अधिकार मिल जाएगा।

पुरानी पार्टी जीएसटी को सरल बनाने की वकालत करती रही है, उन्होंने कहा कि सरकार का यह तुगलकी फरमान करोड़ों व्यापारियों को परेशानी में डाल रहा है। ने कहा कि कांग्रेस इस तानाशाही का पुरजोर विरोध करती है। 7 जुलाई को सरकार ने एक अधिसूचना जारी की। विपक्षी दलों का कहना है कि सरकार ने 7 जुलाई 2023 को जीएसटी को पीएमएलए एक्ट के तहत लाने की अधिसूचना जारी की थी। उनका कहना है कि इस फैसले से 1 करोड़ 38 लाख व्यापारी सीधे तौर पर प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में आ जाएंगे, उनका कहना है कि इससे कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा और अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होगा - राज्य में मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 7 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी करके कहा है की अब जीएसटी भी अब पीएमएलए एक्ट में आएगा। जिसका मतलब 1करोड़ 38 लाख जीएसटी देने वाले व्यापारी ईडी के शिकंजे में आ जाएंगे। ईडी किसी भी बड़े-छोटे दुकानदार पर लगा सकती है पीएमएलए और उसे बिल भी नहीं मिलेगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कौम की कौम को गलत सोच

कौम की कौम को गलत सोच, गुनाहगार बना देती है। सच पे आघात को गलत सोच, एक प्रहार बना देती है। भूखे लोगों को भाति हैं सिर्फ रोटियाँ, कोई चाँद नहीं सच तो ये है कि भूख, हर इंसान को गद्दार बना देती है। **केदार नाथ शब्द मसीहा**

छोड़ के जाने वालों का ही अच्छा

छोड़ के जाने वालों का ही अच्छा है जाने के बाद भी हमारी नजरों में ये अहमियत बनाए रखने का एक भ्रम रखते हैं कि वो ही सब कुछ थे। और हम इतने बेवकूफ किस्म के प्राणी होते हैं कि उनकी यादों को सहेज कर रखते हुए उनके इस भ्रम की मजबूती को बनाए रखते हैं। शायद मैं अकेला बेवकूफ नही हूँ ना? **पथिक मनीष**

खास पाती | बिना बात उनपे सितम हो रहे

बिना बात उनपे सितम हो रहे हैं बुरे हाल उनके न कम हो रहे हैं चुराते हुए वो मिला रोटियां जब सजा,न्याय सब एक दम हो रहे हैं उन्हे जिन्दगी ने किया यूं परेशां जिए ही बिना वो खतम हो रहे हैं बहे जा रहे हैं लगातार आंसू बड़ी ठेस है नैन नम हो रहे है न उम्मीद कोई,न कोई सहारा न ही भाग्य के कुछ करम हो रहे हैं बिछे शूल राहें बहुत ही कठिन हैं बिना प्राण वाले कदम हो रहे हैं न हालात सुधरे,न कुछ चैन आया नही कम,ये दुख ,टीस,गम हो रहे हैं लड़ेंगे नही,तो मिलेगी पराजय तभी तो पराजित न हम हो रहे हैं। **शालिनी शर्मा**

तुम्हें मुझसा बचपन मिलें तुम्हें मैं

तुम्हें मुझसा बचपन मिलें तुम्हें मैं अपना बचपन दे पाऊं तुम्हें भी अपने पिता का संघर्ष न तकलीफ़ नज़र आएं तुम भी दुनियां से नफ़रत न कर पाओ नहीं कुछ तस्वीरें जो क़ैद हो तुम्हारे पिता को मिली उसके हक़ की सारी खुशियां शायद मैं तुम्हें दे पाऊं ? लेकिन तुम मेरे पिता सा पुत्र होना। **जय बरूआ**

मेरे दिल में उतर कर रह गया

मेरे दिल में उतर कर रह गया है तेरी यादो का नश्तर रह गया है जो तेरे संग बीता था वो लम्हा। वही आंखों में मंजर रह गया है मेरे ऊपर उछाला हर किसी ने। तेरे हाथों में पत्थर रह गया है। सफर पर साथ तो निकला था मेरे। मगर रस्ते में रहबर रह गया है। किया है कत्ल जबसे दुश्मनी का। बहुत मायूस खंजर रह गया है। जरा बदली जो छायी आसमां में । सहम कर मेरा छप्पर रह गया है। खुदाया इस जहां में हर कोई क्युं। मसाइल में उलझ कर रह गया हैं। इसी दुनिया में ये इन्सान भी तो। फक़त सर्कस का जोकर रह गया है। **राजीव कुमार**

शायद और काश के बीच एक

शायद और काश के बीच एक लंबी सँकरी गली होती है जिसके शुरू में शायद और आखिरी मुहाने पर काश होता है जिसमें न कोई आहट सुनाई देती है न कदमों के निशान मिलते हैं जबकि, शायद और काश के बीच की ये लंबी और सँकरी गली कभी सूनी नहीं होती। यहाँ से दुनियां का गुजरना जारी रहता है। **अनमिका चक्रवर्ती अनु**

मौसम की साय साय में सन्नाटा

मौसम की साय साय में सन्नाटा सन्नाटा है। बारिश ने पायल तो पहनी, पर कोइ झंकार नही। मौसम जीवन में वो, सभी अनुभीतियाँ देते है। मसला प्यार का हो, तकरार या फिर इंकार का। मौसम हर जगह बराबर मध्यस्थता, निभाकर अपने होने का पुख्ता प्रमाण देते रहे है। मौसम रखता है, हर कदम हर जगह।

हेमा पाण्डेय

घुली थी सांस सांसों में कलेजा

घुली थी सांस सांसों में कलेजा धक से धड़का था। गगन के चांद से मानो शरद अनुराग बरसा था। विनोदी सी निशा लागे ठहर जाता ज़रा मंजर सितारों मे अनूठा सा निराला चांद चमका था पवन चूमे सुमन झूमे किलोलें कर रहा मधुकर झुकी पलकें हुई भारी लबो पे जाम छलका था दरीचों मे उदासी है मसीहा खो गया जैसे कहां है वो ज़रा ढूंढ़ें कमल दिल झील खिलता था ख्यालों मे चले आते अकेलापन मुझे देते चुभे थे कांच के टुकड़े नरम दिल टूट झरता था बजी थी दूर शहनाई यहां पर मौन पसरा है चले आते सताते ना लहर पे चांद बहका था।

ज्योत्सना सक्सेना

आज का इतिहास

नई दिल्ली ।भारतीय और विश्व इतिहास में 17 जुलाई की घटनाएं इस प्रकार हैः- 1429 डोफिन की फ्रांस के राजा के रुप में ताजपोशी। 1489 निजाम खान को सिकंदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया। 1549 यूरोपीय देश बेल्जियम के घेंट इलाके से यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1712 इंग्लैंड, पुर्तगाल और फ्रांस ने युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किया। 1850 हार्वर्ड वेधशाला ने तारों का पहला फेटोग्राफ लिया। 1893 इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने। 1898 स्पेन की सेना ने क्यूबा के सेंटियागो क्षेत्र में अमेरिका के समक्ष आत्मर्समपण किया। 1906 क्लेमेंट आर्मंड फैलिएरेस फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए। 1917 जॉर्ज पंचम ने परिवार का उपनाम बदलकर विंडसर कर दिया। इससे पहले यह शाही परिवर जर्मनी शाही घराने 'साक्से कोबुर्ग एंड गोथा' के नाम से जाना जाता था। 1918- रूस के जार निकोलस द्वितीय और उनके परिवार की हत्या कर दी गई।

आज का पंचांग (सोमवार 17 जुलाई)

सूर्योदयः 05:47, सूर्यास्तः 07:18
चन्द्रोदयः 04:37, चन्द्रास्तः 18:37
अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि अमावस्या, नक्षत्र पुनर्वसु, योग ध्रुव (08:33 से व्याघात), प्रथम करण विष्टि (09:17 तक), द्वितीय करण शकुनि (22:08 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कर्क, चंद्र मिथुन, मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:51, अमृत काल 15:42 से 17:27, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त 19:18 से 19:39, सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:20, निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43, राहुकाल 7:35 से 9:20, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:23 से 14:07, होमाहुति केतु (02:39 से सूर्य), दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी, भद्रावास स्वर्ग (09:17 तक), चन्द्रवास पश्चिम, शिववास श्मशान में (22:08 से गौरी के साथ)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - उद्वेग 2 - चर
3 - लाभ 4 - अमृत
5 - काल 6 - शुभ
7 - रोग 8 - उद्वेग

॥ रात्रि का चौघड़िया॥

1 - शुभ 2 - अमृत
3 - चर 4 - रोग
5 - काल 6 - लाभ
7 - उद्वेग 8 - शुभ

नोट– दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पश्चिम-दक्षिण (पान का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः आज जन्मे शिशुओ का नाम पूनर्वसु नक्षत्र के प्रथम ,द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (के, को, हा, ही) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

QUIZ TIME

1) किस राज्य ने सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियन का खिताब जीता?
2) किस संस्थान ने अंतर्दृष्टि डैशबोर्ड लॉन्च किया?
3) विश्व का सर्वाधिक पुराना केन्द्रीय बैंक कौन-सा है?
4) अभिलेखों का अध्ययन क्या कहलाता है?
5) अशोक चक्र पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले केरलवासी कौन थे और हाल ही में उनका निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) तमिलनाडु (2) आरबीआई (3) मेडिसी बैंक (4) इपीग्राफी (5) हवलदार एल्बी डीक्रूज

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष-आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

वृष- आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे।

मिथुन-आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी।

कर्क-आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है सही दिशा में जा रहा काम भी किसी की गलती से बिगड़ने की संभावना है।

सिंह-आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्व बढ़ा हुआ रहेगा।

कन्या-आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा।

तुला-आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे।

वृश्चिक-आज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसके आरम्भ में पहले खराब सेहत बाधा डालेगी।

धनु-आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा।

मकर-आज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी।

कुंभ-आज आपके व्यक्तित्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी लेकिन मन मे कड़वाहट परिजनो से नही छुपा सकेंगे।

मीन-आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा। परिजनो से बिना कारण के ही फटकार सुननी पड़ेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -127

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			टट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

युवक को वाहन ने रौंदा, मौत: गुटखा लेने सड़क पार कर रहा था

प्लैटिनम प्लाजा के पास हुआ हादसा

भोपाल/नवप्रदेश। प्लैटिनम प्लाजा के पास सड़क पार करते समय शनिवार की रात 8-30 बजे अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी युवक को 108 की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में टीटी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि अनिल इंग्ले (32) पुत्र कांताप्रसाद इंग्ले अर्जुन नगर का रहने वाला था।

वह मजदूरी करता था और इन दिनों टीटी नगर स्थित एक साइट पर काम कर रहा था। काम निपटाने के बाद शनिवार की रात घर लौट रहा था। प्लैटिनम प्लाजा के पास उसने अपनी गाड़ी खड़ी की और सड़क को पार कर पान की गुमठी पर गुटखा लेने जा रहा था। इसी बीच अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों ने उसे एम्बुलेंस से हमीदिया अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बंटी इंग्ले मृत के छोटे भाई हैं। उन्होंने बताया कि अनिल के तीन मासूम बच्चे राशि (3) मयंक (7) और अर्जुन (10) हैं। तीनों स्कूल जाते हैं। अनिल अपने परिवार का इकलौता सहारा थे। देहाड़ी मजदूरी से आने वाली रकम से घर का खर्च चलाते थे। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। हम गरीब लोग हैं, अपने-अपने ही परिवार का गुजारा मुश्किल से चलाते हैं। अनिल की मौत के बाद उसके तीन बच्चे और पत्नी मंगला के पालन पोषण की चिंता परिजनों को सता रही है।

भोपाल में तेज बारिश, देवास में नदी में डूबने से टीआई की मौत; सतपुड़ा डैम के 5 गेट खोले

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के कई इलाकों में हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं। नर्मदा, शिवना, क्षिप्रा, ताप्ती, बेतवा और रायसेन की बीना समेत कई नदियां का जलस्तर बढ़ गया है। टीकमगढ़ में धसान नदी पर बने बान-सुजारा बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया है। वहीं बैतूल के सारणी में सतपुड़ा बांध के पांच गेट खोलने पड़े हैं। देवास जिले में स्टॉप डैम में डूबने से टीआई की मौत हो गई। रविवार को भोपाल समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल में सुबह से बूंदाबांदी होती रही। शाम को 4 बजे के बाद तेज बारिश शुरू हो गई।

नदी में डूबने से टीआई की मौत

देवास जिले के नेमावर थाने पर पदस्थ टीआई राजाराम वास्कले की रविवार को नदी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल उन्हें जामनेर नदी पर बने स्टॉप डैम में एक लाश होने की सूचना मिली थी। उन्होंने पानी में कूदकर उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। उसके बाद फिर उन्होंने उस शव को निकालने का प्रयास किया। इस बार वो वहां फंस गए। उसके बाद वहां मौजूद जवानों और ग्रामीणों ने रस्से की मदद से उन्हें निकाला और अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सतपुड़ा बांध के पांच गेट खोले

बैतूल जिले में शनिवार रात से ही बारिश हो रही है। सारणी इलाके में सतपुड़ा बांध के 5 गेट दो-दो फुट खोले गए। तवा नदी में लगातार बढ़ रहे पानी की वजह से बांध के गेट खोलने पड़े है। यहां एक दिन में करीब दो इंच बारिश दर्ज की गई है। जिले में अब तक करीब 14 इंच बारिश हो चुकी है।

उफान पर बीना नदी, कई गांवों का संपर्क कटा

रायसेन जिले में बीते 3 दिनों से कभी माध्यम तो कभी तेज बारिश का दौर जारी है। यहां शनिवार रात से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। जिले के बेगमगंज में बीना नदी उफान पर है। जिसके चलते दो दर्जन से ज्यादा गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है। नदी के पुल पर करीब 2 फीट पानी है। जिससे आवाजाही बाधित हुई है।

सागर में बाढ़ जैसी स्थिति

सागर में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। निचले इलाकों में पानी भर गया है। यहां दो दिन में 6.51 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। 5.59 इंच पानी तो एक दिन में गिर गया। बड़वानी में राजघाट स्थित पुराने पुल से नर्मदा नदी खतरे के निशान से 4 मीटर ऊपर बह रही है। यह पुल 127.50 मीटर पानी आने पर डूबता है।ड़

छतरपुर में धसान नदी का जलस्तर बड़ा, डैम के 7 गेट खोले

छतरपुर में एमपी-यूपी की बॉर्डर पर धसान नदी का जलस्तर बड़ गया है। इसके बड़ने से बांध के 7 फाटक खोल दिए गए हैं। साथ ही लोगों को समझाइश दी गई है कि कोई भी नदी, उसके आसपास या निचले क्षेत्र और टापुओं पर नहीं जाए। क्क और स्क्क प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है।

बालाघाट में उफने नदी-नाले, लिंगा पुल के ऊपर से बह रहा पानी

बालाघाट जिले में शुक्रवार-शनिवार की रात से हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर है। कई जगह से सड़क संपर्क भी टूट गया है। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में लिंगा-हट्टा को जोड़ने वाले लिंगा पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इस मार्ग को बंद कर दिया है। बीते 24 घंटों के दौरान बालाघाट जिले में 49 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। IMD भोपाल के वैज्ञानिकों के अनुसार, 1 जून से अब तक सामान्य से 13% ज्यादा बारिश हो चुकी है। पूर्वी मध्यप्रदेश में औसत से 7% अधिक और पश्चिमी मध्यप्रदेश में औसत से 18% अधिक बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा सिवनी में करीब 22 इंच बारिश हो चुकी है। नरसिंहपुर में 19 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सागर, मंडला और छिंदवाड़ा ऐसे जिले हैं, जहां 16 इंच या इससे ज्यादा बारिश हुई है। दूसरी ओर, अशोकनगर, रीवा, सिंगरौली, टीकमगड़, अशोकनगर, खंडवा और खरगोन ऐसे जिले हैं, जहां अब तक 8 इंच बारिश भी नहीं हुई है।

भोपाल में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: हुक्का और अवैध शराब बिक्री/पिलाने पर दो रेस्टोरेंट सील

फूड लाइसेंस-परमिशन की जांच होगी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में अवैध तरीके से हुक्का और शराब की बिक्री-पिलाने वाले दो रेस्टोरेंट पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों सील कर दिए गए। इनके फूड लाइसेंस और परमिशन की भी प्रशासन जांच करेगा। 6 जगहों पर जिला प्रशासन के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने छापा मार कार्रवाई की।

एडीएम हरेंद्र नारायण के नेतृत्व में शनिवार देर रात आबकारी एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से मदिरापान एवं हुक्का पिलाने वाले होटल, ढाबों के विरुद्ध छापा मार कार्रवाई की। जिसमें से नेचुरल कॉटेज में अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए पाया गया। यहां से 8 हुक्के बरामद हुए। जिस पर नेचुरल कॉटेज को सील कर दिया गया। इसके साथ ही फूड के सैंपल भी लिए गए हैं। एक अन्य टीम ने आचमन ढाबा रायसेन रोड से मौके पर मदिरापान कराते हुए पाये जाने पर फूड सैंपल लिया। संयुक्त टीम ने परिसर को सील बंद की कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान अनियमितता पाए गए दोनों रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नगर निगम और अन्य विभागों की अनुमतियों को भी चेक करने के निर्देश दिए गए हैं।

इनकी जांच भी की गई

इसके साथ ही आबकारी के पुराने बने प्रकरणों के आधार पर बावड़ियाकलां स्थित विंटर रोज गार्डन, बैरागढ़ स्थित मोक्ष क्लब, केरवा रोड स्थित थ्री चेप्टर रेस्टोरेंट, एमपी नगर स्थित डी रंच रेस्टोरेंट एवं बैरागढ़ स्थित वाटर विले रेस्टोरेंट पर भी गठित अलग-अलग टीमों ने विधिवत जांच एवं तलाशी की कार्रवाई की गई।

ग्रामीण डाक सेवा में चयनित हुए हरियाणा के 15 चयनित अभ्यर्थी हो रहे परेशान

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन के राजस्व कॉलोनी स्थित प्रवर डाक अधीक्षक कार्यालय मालवा अंचल ओर ग्रामीण डाक सेवक की निकली भर्ती में चयनित हुए अभ्यर्थी युवक-युवतियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जा रहा है जिसमें हरियाणा से आए 15 से अधिक अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रवर अधीक्षक कार्यालय द्वारा नहीं किया जा रहा है7 उनकी हरियाणा बोर्ड की मार्कशीट को फर्जी बताया जा रहा है जबकि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 7जुलाई से 17 जुलाई तक होना है। लेकिन 3 दिनों से हरियाणा के अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं जिनकी प्रवर अधीक्षक कार्यालय के जिम्मेदार एक नहीं सुन रहे व उनकी मार्कशीट को फर्जी बताया जा रहा है अब उन्हें 2 दिन का अवकाश का कहकर कार्यालय से जाने के लिए कह दिया गया है । वही सोमवार को दस्तावेज वेरिफिकेशन का अंतिम दिन है जिस अभ्यर्थी परेशान होते हुए नजर आ रहे

मध्यप्रदेश रूरल कोलोक्कि भोपाल में 18 जुलाई को

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में 18 जुलाई को 'क्षेत्रीय संगोष्ठी के रूप में मध्य प्रदेश रूरल कोलोक्कि का आयोजन अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में किया जा रहा है। इस कोलोक्कि का उद्देश्य राज्य के सामुदायिक संगठनों और हितधारकों की आवाज़ और अंतर्दृष्टि को शामिल करना है, जिससे राज्य की ग्रामीण गरीबी और असमानता पर एक सार्थक चर्चा हो सके

भोपाल में ÷कोलोक्कि÷ में राज्य के ग्रामीण पुनर्जागरण के संदर्भ और विषयों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों, पर्यावरणीय चुनौतियों, युवा शक्ति, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन एवं एक बेहतर और सुसंगत मध्यप्रदेश के नव-निर्माण पर विमर्श किया जाएगा।

अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के सीनियर एडवाइजर श्री मनोज कुमार जैन एवं ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया की राज्य प्रमुख सुश्री नेहा गुप्ता ने बताया कि ÷कोलोक्कि÷ के पहले सत्र में ÷राज्य के ग्रामीण पुनर्जागरण पर एक विहंगम विमर्श÷, दूसरे सत्र में ÷जलवायु अनुकूल ग्रामीण समृद्धि - उच्च आय आजीविका मॉडल÷, तीसरे सत्र में ÷युवा शक्ति के माध्यम से आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का निर्माण÷ और चौथे सत्र में ÷एक नवीन गाँव का उदय- सरकार और नागरिक हस्तक्षेप के द्वारा सुसंगत विकास÷ विषय पर चर्चा होगी राज्य में ग्रामीण समुदाय, विभिन्न प्रकार के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों, पर्यावरण की चुनौतियां और तकनीकी प्रगति जैसे महत्वपूर्ण अवसरों और बदलावों से गुजर रहा है। समय-दर-समय ग्रामीण समुदायों के विकसित होने के साथ, इनकी आकांक्षाओं को समझने और उनके विकास को सहयोग प्रदान करने वाली रणनीतियों को बनाने की अत्यंत आवश्यकता दिख रही है। चर्चा के प्रथम सत्र में सामुदायिक आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति और गाँवों की सही आवश्यकताओं पर परख ली जायेगी। जहाँ ग्रामीण समुदाय और शोधकर्ताओं से लेकर नीति निर्माताओं और परोपकारी संस्थाओं को ज्ञान के आदान-प्रदान, सहयोग को बड़ावा देने और उचित कारवाई हेतु समुचित रणनीतियों को विकसित करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करेंगे। इस सत्र को दिल्ली की 'ब्रैन्स्तेम' संस्था के निदेशक श्री अमजद, ग्रामीण समुदाय के चयनित परिवार के सदस्यों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिला सामुदायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस सत्र की शुरुआती चर्चा में ग्रामीण नव-जागरण के सदर्भ में अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, पूर्व अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव, सचिव सामान्य प्रशासन श्रीमती जी.वी.रश्मि और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के संस्थापक श्री अनीश कुमार वक्तव्य देंगे। जलवायु परिवर्तन, देशज छोटे किसानों की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उन्नति के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, जो अपने प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र से जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी जलवायु संबंधी चुनौतियों का सामना करती है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव आदिवासियों और देशज समुदायों की आजीविका पर तो पड़ता ही है साथ ही सीमान्त किसानों को विशिष्ट जोखिमों का सामना करना पड़ता है। इस बातचीत में विचारक सीमान्त और लघु किसानों और स्थानीय समुदायों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, वन, मत्स्य-पालन और प्राकृतिक संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर विचार-विमर्श करेंगे। दूसरे सत्र में विचारक स्थानीय आबादी के विशिष्ट ज्ञान, प्रथाओं और कमजोरियों पर विचार करते हुए उनकी जलवायु अनुकूलन आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए उच्च आजीविका संवर्धन की आवश्यक नीतियों और रणनीतियों पर भी चर्चा करेंगे। वन विभाग के एपीसीसीए डॉ दिलीप कुमार, सुशासन संस्थान से डॉ. सुपर्वा पटनायक, आईएमडी के वैज्ञानिक वी.पी.सिंह और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी और विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे। मध्य प्रदेश की 20 मिलियन आबादी युवाओं की है. राज्य के युवाओं में अर्थ-व्यवस्था को आगे बढ़ाने की अपार क्षमता है। हालाँकि, उन्हें भौगोलिक, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से निर्मित संरचनात्मक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे सभी बिदुओं को तीसरे सत्र के दौरान साझा किया जाएगा। सरकार, उद्योग जगत के लोग, तकनीकी शिक्षा से सम्बंधित लोगों और युवाओं के साथ समाधान की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी और मध्य प्रदेश में इन संरचनात्मक बाधाओं को कम करने के उद्देश्य से ÷स्थानीय समाधानों÷ को प्रेरित करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य वक्ता आयुक्त, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम श्री पी. नरहरि होंगे। चौथे सत्र में एक नवीन गाँव के अभ्युदय के सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा कर समाज, सरकार और नागरिक हस्तक्षेप के द्वारा सुसंगत विकास के तरीकों पर रणनीतिक समाधानों को विस्तार दिया जाएगा। चर्चा में मुख्य रूप से सेवानिवृत आईएफएस श्री चित्तरंजन त्यागी, सुशासन संस्थान से श्रीमती इंद्राणी बारपुजारी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रीमती आकृति गुप्ता, एसपीए से श्रीमती रमा पाण्डेय, ग्रामीण आजीविका मिशन के अतिरिक्त

पट्टा शर्तों का उल्लंघन कर मनमाने ढंग से करवाया जा रहा बालू खनन

पनवाडी। नगारा घाट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत निजी पट्टा भूमियों पर हो रहे खनन में पट्टा शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। खनन माफिआओं द्वारा ज्यादा कमाई के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर काम करवाया जा रहा है तथा प्रतिबंध के बाद भी भारी भरकम एलएनटी मशीनों को लगाकर खनन किया जा रहा है। वही जिम्मेदार अधिकारी सबकुछ जान कर भी अंजान बने हुए हैं। खनन माफिआ इसी का लाभ उठाकर मनमानी कर रहे हैं। विरोध करने वाले ग्रामीणों को माफिआओं द्वारा डरा धमकाकर शांत कर दिया जाता है।

बता दे कि इन दिनों पनवाड़ी क्षेत्र में बालू खनन एक बार फिर सुर्खियां में आने लगा है। अभी कुछ दिन पूर्व खनन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। लेकिन पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना टल गई थी। बताया जा रहा है कि खनन को लेकर पट्टा शर्तों को ताक पर रखकर खनन माफिआ मनमाफिक तरीके से बालू खनन कर रहे हैं। खनन में लगे भारी भरकम वाहन प्राचीन पुल को भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। स्वयं को सत्ता से जुड़े कारिंन्दो का खास बताकर खनन माफिआ रोब झाड़ कर बालू खनन को अंजाम दे रहे है। जिससे सिलालपुरा व श्योडी को जाने वाला पुल क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। पट्टा धारक पट्टा धारक से खनन माफिआओं ने पट्टा अपने नाम करवा कर खनन कर कमाई का खाका तैयार किया है। रात

बाघ पहुंचा गांव में तेंदुए ने घर पर भी दस्तक, ग्रामीण दहशत में घर में, घुसकर किया बछड़े का शिकार

सोहागपुर/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम पंचायत नयागांव के अंतर्गत आने वाले बड़ेडूडा ग्राम में रात को एक बाघ घुस गया रात्रि होने के कारण सभी घरों के अंदर से जिससे कोई जनहानि नहीं हुई वहीं दूसरी ओर एक तेंदुआ एक किसान के घर में घुसकर बछड़े का शिकार करके ले गया। आवाज सुनकर किसान राजू यादव उठा और देखा कि तेंदुआ बछड़े को लेकर जा रहा है दोनों घटना रात्रि की है जिसके बाद ग्रामीण में दहशत का माहौल है बाघ पिछले 1 महीने से आबादी वाले ग्रामों के आसपास ही दिखाई दे रहे हैं बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों को तो खतरा है ही बाघ पर भी खतरा मंडरा रहा है आबादी वाले ग्रामों में बाघ को जानवर आसान शिकार के रूप में मिल जाते हैं गाय बैल बछड़ा इनके आसान शिकार होते हैं जिसके चलते बाग गांव के आसपास देख रहे हैं जानकारी लगने के बाद सुबह वन विभाग की टीम पहुंची और बाघ के पगमार्क के सैंपल लिए ग्रामीणों ने भी अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है कुछ दिन पूर्व भी एक बाघ ने मडई जाने वाले सड़क के पास स्थित कुकरा ग्राम के नजदीक ही गाय का शिकार किया था अब यह दूसरा मामला है जब बाघ और तेंदुआ दोनों ही एक साथ गांव के अंदर घुस गए वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की ह

मांझी समाज की समस्याओं का हल किया जाएगा : गृह मंत्री डॉ. मिश्रा

भोपाल/नवप्रदेश। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज दतिया में मांझी समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का हल किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर शुभकामनाएँ दी। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि मांझी समाज मेहनतकश है। यह समाज हमेशा से ही निःस्वार्थ भाव से अपना कार्य करता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु अनेक योजनायें शुरू की है। उन्होंने कहा कि मांझी समाज की जो समस्यायें है, उनको दूर किया जाएगा।

राहुल गांधी के करीबी ने विकास पर्व पर उठाए सवाल

प्रदीप जैन ने केन्द्रीय मंत्री खटीक का पत्र शेयर कर लिखा-2013-2018 की जनआर्शीवाद यात्रा की घोषणाएं अधूरी



भोपाल/नवप्रदेश। मप्र में आज से शिवराज सरकार विकास पर्व की शुरुआत करने जा रही है। सीएम शिवराज सिंह चौहान बड़वानी और धार जिले से विकास पर्व की शुरुआत करेंगे। आज से शुरु हो रहे मप्र सरकार के इस विकास पर्व पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और झांसी के पूर्व सांसद प्रदीप जैन आदित्य ने सवाल उठाए हैं।

प्रदीप जैन ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार का लेटर और टीकमगड़ जिले के बल्देवगढ मंडल के कोषाध्यक्ष रवीन्द्र जैन का पत्र सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बीजेपी मंडल कोषाध्यक्ष ने अपने पत्र में सीएम दस साल पुरानी घोषणाओं के पूरा न होने को लेकर केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि जनआर्शीवाद यात्रा के दौरान समग्र ग्राम भेलसी में पहली बार साल 2013 और दूसरी बार 2018 में हायर सेकेण्डरी स्कूल खुलवाने, खाद-बीज गोदाम खुलवाने, अस्पताल खुलवाने की घोषणाएं की गई थीं। जैन ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि आप (वीरेन्द्र खटीक) ने इन घोषणाओं को पूरा कराने चार बार पत्र भी लिखे लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने अपनी पीड़ा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, अब पुरानी घोषणाएं पूरी करें- जैन

पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा हमारा लोकतंत्र संविधान से चलता है। भारत सरकार के मंत्री अगर कुछ बोलते और लिखते हैं तो उसे देश के प्रधानमंत्री की भी आवाज मानी जाती है। ऐसे में हमारे बुंदेलखंड के पिछड़े क्षेत्र टीकमगढ़ से सांसद और भारत सरकार में मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने अपनी पीड़ा अपने एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को दी है। उन्होंने जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान 2013 और 2018 में टीकमगढ़ के बल्देवगढ़ में अनेक घोषणाएं की थी जो आज तक यथावत खड़ीं हैं। उन पर कोई भी काम नहीं हुआ। आज मुख्यमंत्री 2013 और 2018 की घोषणाएं पूरी कर नहीं पाए और 2023 में आज फिर से विकास पर्व यात्रा निकाल रहे हैं। जब उनकी ही सरकार के मंत्री अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं तो ऐसे में मुख्यमंत्री को नींद से जागने का काम करना चाहिए पुरानी घोषणाओं को अमलीजामा पहनाना चाहिए। तब उन्हें बड़वानी में भूमिपूजन और लोकार्पण करना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com

कांग्रेस मतलब घोटालों और परिवारवाद की गारंटी : विष्णुदत्त शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस के 'हम सब एक हैं' के दिखावे को सज्जन सिंह वर्मा ने उजागर किया

मध्यप्रदेश में न लैंड जिहाद चलेगा न लव जिहाद और न धर्मांतरण

भोपाल/नवप्रदेश। कांग्रेस के लोग आज झूठ बोलकर जनता को भ्रमित कर रहे है। ये लोग जनता को झूठी गारंटी दे रहे है। जबकी कांग्रेस की अगर देश में पहली गारंटी है तो वह 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। कांग्रेस की दूसरी गारंटी अगर कोई है तो परिवारवाद की गारंटी। देश मे राहुल गांधी, मध्यप्रदेश में कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ और दिग्विजय के पुत्र जयवर्द्वन सिंह इसके प्रत्यक्ष उदारहण है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय मे मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

इटेलियन फैक्ट्री से जो बोया गया है, आज कांग्रेस वहीं काट रही है

कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने पर श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सज्जन सिंह वर्मा की भाषा से उनका चरित्र और कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी उजागर हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मूल में यहीं अंतर्भावना रही है, जो धीरे-धीरे सामने आती है। प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस नेता एकजुट होने का दिखावा करते हैं, लेकिन सज्जन सिंह वर्मा के शब्दों और भावनाओं से हकीकत उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह के लिए सज्जन सिंह वर्मा से बेहतर भावनाएं तो भाजपा रखती है, जो कि दिग्विजय के द्वारा लगातार दिये जा रहे देश और धर्म विरोधी वैचारिक विरोध के बावजूद किसी भाजपा नेता ने उनके लिए इस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया, जैसा सज्जनसिंह वर्मा ने किया है। उन्हांने कहा कि इटेलियन फैक्ट्री से जो बोया गया है, आज कांग्रेस वहीं काट रही है।

हर छोटी घटनाओं पर बोलने वाले दिग्विजय और कमलनाथ इंदौर की घटना पर मौन क्यों ?

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि धर्मांतरण का खेल-खेलने वालों ने जिहादी मानसिकता से इंदौर में जैन समुदाय के एक बच्चे और उसकी माँ का जबरदस्ती धर्मांतरण करवाया। इस घटना के दोषियों पर कार्रवाही की जा चुकी है और उस ईको सिस्टम को भी खंगाला जा रहा है, जहाँ से यह जिहादी मानसिकता पोषित होती है। लेकिन हैरत की बात है कि हर छोटी घटनाओं पर बोलने वाले कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ धर्मांतरण की इस घटना पर मौन है। क्या उनका मौन ऐसी घटना को अंजाम देने वाली जिहादी मानसिकता का समर्थन समझा जाएँ? श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ऐसे लोग किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे, यहां न लव जिहाद चलेगा, न लैंड जिहाद और न धर्मांतरण करने वाले चलेंगे। धर्मांतरण करने वाले और उनका समर्थन करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हर कट्टरपंथी और मुगलाई मानसिकता को कुचलकर रख देने की गारंटी है।

कांग्रेस की आदिवासी यात्राएं, केवल झूठ और छल की यात्राएं हैं

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 55 सालों से अधिक राज किया, लेकिन जनजातीय भाईयों और बहनों के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। केवल झूठ बोलकर वोट बैंक की राजनीति जनजातीय वर्ग के साथ हुई। आज कांग्रेस चुनाव आते ही आदिवासी यात्राएं निकाल रही है, यह यात्राएं केवल झूठ और छल फैलाने की यात्राएं हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के जनजातीय बंधु कांग्रेस के इस भ्रम में नहीं आने वाले। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 महीने मिस्टर बंटाढार के इशारे पर कमलनाथ सरकार चली, उन्होंने मध्यप्रदेश के जनजातीय बंधुओं के हित और अधिकारों का हनन किया। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव आदिवासियों के हित की योजनाओं को साकार किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जनजातीय गौरव दिवस मनाकर इस वर्ग का सम्मान बढ़ाया, तो मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पेसा एक्ट लागू कर उनको हक और अधिकार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ की गारंटी देती है।

संक्षिप्त समाचार

खाटू श्याम का दरबार सजाकर भजनों का हुआ भव्य आयोजन

सतवास/नवप्रदेश। नगर लोहारदा में दुर्गा माता चांडक चोक पर श्याम परिवार के द्वारा खाटूश्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया व साथ ही मधुर भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ बरसते पानी मे श्याम भक्तों ने बाबा के भजनों का आनंद लिया भजन गायक शुभम उपाध्याय चापड़ा, पूजा प्रजापति ब्यावरा, सिद्धि तिवारी इंदौर, प्रमोद सत्तावन लोहारदा ,सचिन मीणा कांटाफोड़, ने बाबा के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी भजनों पर श्रोताओ ने नाचते गाते सुबह की 4 बजे तक आनंद लिया।

प्रति वर्ष अनुसार कंजर समुदाय के लोग पैदल महाकालेश्वर के लिए हुए रवाना

छापीहेड़ा/नवप्रदेश। प्रति वर्ष अनुसार नगर के कंजर समुदाय के युवा पैदल चलकर उज्जैन महाकालेश्वर के लिए रवाना हुए युवा भक्त कांवड़ में जल भरकर बस स्टैंड प्राचीन शिवालय पर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर पैदल उज्जैन के लिए रवाना हुए वहां यहां से नलखेड़ा बगलामुखी दर्शन कर आगर बैजनाथ बाबा के दर्शन कर उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे।

वैष्णो देवी धाम मंदिर गुरु पूर्णिमा से शुरू हुआ भंडारा रक्षा बंधन तक होगा आयोजन

सुठालिया/नवप्रदेश । नगर के मधुसुदनगढ़ रोड पर स्थित मां सुंदर मई वैष्णो देवी धाम मंदिर में सावन माह व उस में पड़ने वाले पुरषोत्तम (अधिक मास) में प्रति दिन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन गत गुरु पूर्णिमा से शुरू किया गया हे जो आगामी दो माह रक्षा बंधन पूर्णिमा तक चलेगा ।मंदिर संचालक महेश अग्रवाल बंटी ने जानकारी देते हुए बताया की सावन मास में व इसमें बीच में पड़ने वाले अधिक मास में 2 माह तक नगर के माँ सुंदरमयी वैष्णो देवी मंदिर परिसर में स्थित सत्संग भवन में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन निरंतर दो माह तक चलता रहेगा ।भंडारे के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हे ।उन्होंने क्षेत्र के सभी भक्तो से सावन माह में मंदिर में पहुंचकर दर्शन लाभ लेने व भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने की अपील की हे ।

बच्चों ने अपने नाम से रोपे तुलसी के बीज और पौधे दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



ब्यावरा/नवप्रदेश। सांसे हो रही है कम आओ एक पौधा रोपे हम हाईस्कूल ढकोरा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत बुधवार को हाईस्कूल ढकोरा में विद्यार्थियों और मातृ शक्तियां ने तुलसी के बीज रोपे ।इस दौरान मार्गदर्शिका शिक्षिका इंदिरा कुशवाह ने तुलसी पौधे का महत्व बताते हुए बच्चों को बताया कि हिंदू तुलसी के पौधे को सबसे पवित्र मानते हैं।अधिकांश हिंदू घरों में तुलसी का पौधा होता है और लोग रोज नहाने के बाद इसकी पूजा करते हैं इसलिए हर घर तुलसी का पौधा होना चाहिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों से होने वाले लाभ के बारे में बताया।हर घर हो तुलसी अभियान के साथ ही प्रत्येक छात्र ने अपने घर पर अपने नाम का एक तुलसी का पौधा लगाने का संकल्प लेते हुए बचाने का संकल्प लिया।इंदिरा कुशवाहा ने बताया कि जब भी हो सके अपनी सुविधा अनुसार एक पेड़ जरूर लगाएं।यह समाज के लिए आपकी व्यक्तिगत भागीदारी होगीबच्चों ने कहा वे पड़ोसियों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करेंगे ।इसके तहत मातृ शक्तियां कांति वर्मा आराधना भरथरे सुमित्रा दांगी विद्या कुशवाह दुर्गावती मेडम ललित मेडम ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वन समिति का सदस्य था मृतक, थाना प्रभारी पर नाराज हुईं आईएफएस अधिकारी

कीटनाशक लेने निकले किसान को बस ने टक्कर मारी, मौत

भोपाल/नवप्रदेश। रातीबड़ और ग्राम सर्वर के बीच आज सुबह एक किसान को तेज रफ्तार लाल बस ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वन समिति का भी सदस्य था। हमीदिया हॉस्पिटल की मर्चुरी में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एपीसीसीएफ और पंचनामा कार्रवाई के लिए पहुंचे पुलिसकर्मी के बीच बहस हुई। महिला अधिकारी ने मामले की शिकायत थाना प्रभारी रातीबड़ को कॉल पर की। थाना प्रभारी का जवाब सुन महिला आईएफएस अधिकारी और अधिक नाराज हो गई। पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक भी सामने आया है। जिसमें एपीसीसीएफ समीता राजौरा फोन पर टीआई के व्यवहार से नाराज दिखीं। वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

अवंति दोहरे (40) पुत्र जगन दोहरे निवासी कजलीखेड़ा किसानी करते थे। उनके भाई सोनू दोहरे ने बताया कि अवंति खेती किसानी करते थे। इसी के साथ वे वन समिति के सदस्य भी हुआ करते थे। उनकी जमीन कठोतिया गांव रातीबड़ में है। जिसमें फिलहाल धान की खेती की गई है। फसल को कीड़ों से बचाने के लिए भाई आज रविवार सुबह करीब 10 बजे खेत से निकले थे। वह नीलबड़ जाने वाले थे, इससे पहले ही ग्राम सर्वर के पास उन्हें पीछे से आ रही तेज रफ्तार लाल बस क्रमांक एमपी 04 पीए 3288 टक्कर मार दी। हादसे में अवंति गंभीर रूप से जख्मी हुए थे, उन्हें हमीदिया अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया था। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी में भेज दिया। जहां बॉडी का पीएम कराया जा रहा है। मृतक अवंति की दो बेटियां 14 साल की वैदिका और 12 साल की पीहू हैं। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्य हमीदिया की मर्चुरी पहुंच गए। परिजनों के तमाम दिलासों के बाद भी आंसू बंद नहीं हो रहे थे।

वन समिति के सदस्य अवंति की मौत की खबर सुनते ही एपीसीसीएफ समीता राजौरा मोर्चुरी पहुंच गई। यहां उन्होंने पंचनामा कार्रवाई के लिए पहुंचे एएसआई वसीम राजा खान को मृतक के भाई कड़े अल्फाजों में बात करते देखा। परिजन यह जानना चाहते थे कि आरोपी बस चालक की गिरफ्तारी की गई कि नहीं। पोस्टमॉर्टम में और कितना समय लगेगाड़ आरोपी पर क्या कार्रवाई की जाएगीड़ इस पर एपीसीसीएफ ने मृतक के परिजनों से ठीक से बात करने की नसीहत पुलिसकर्मी को दी। एएसआई ने पुलिसिया लहजे में उन्हें भी जवाब दिया। जिसके बाद एपीसीसीएफ ने थाना प्रभारी को कॉल किया। एएसआई की शिकायत की।

दिव्यांगों के लिए बने आयोग, सौंपा ज्ञापन

खरगोन। सामान्य व्यक्तियों की तुलना में दिव्यांगजनों को कई गुना आधिक मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। दैनिक जीवन से लगाकर शासकीय कार्यों में दिव्यांगजन बेहद परेशानी का सामना करते है। विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी इन्हें कम ही मिल पाती है। इसलिए मध्यप्रदेश में पृथक से दिव्यांग आयोग बनाने की आवश्यकता है। उक्त मांगों को लेकर कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला चंदू सिसोदिया, पूर्व इंटर सचिव किशोर पानवे, श्याम पाटीदार, राहुल कुशवाह, मंशाराम डावर, भगवान पटेल आदि ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है की दिव्यांगजनों के सपने होते है और वे भी उन्हें साकार करना चाहते है। इसके लिए उन्हें समाज और सरकार से सहयोग की जरूरत होती है। वर्तमान व्यवस्था में दिव्यांगजन परेशान हो रहे है। ऐसी स्थित्ति में मध्यप्रदेश में दिव्यांग आयोग का गठन तुरंत किया जाना आवश्यक है। उन्होंने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से दिव्यांग आयोग का गठन करने की मांग की।

तंवर बने पेंशनर्स एसोसिएशन के संभागीय सचिव

खरगोन। जल संसाधन विभाग से बतौर उप अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए शहर के नरेंद्र सिंह तंवर को पेंशनर्स एसोसिएशन का संभागीय सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रांताध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे ने की। श्री तंवर की नियुक्त पर एसोसिएशन के इंजी. राधेश्यााम पाटीदार, अशोक मेहता, डॉ. पुष्पा पटेल, तेजकरण गुप्ता, श्रीराम राठौर, रघुनंदन मालवीय आदि ने प्रांताध्यक्ष का आभार जताते हुए बधाई दी।

निमाड़ में सतपुड़ा की ऊंची चोटियों तक पहुंचेगा नर्मदा जल

खरगोन/नवप्रदेश। तेजी से सिंचित हो रहे निमाड़ जिले में 16 जुलाई को दो और माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन दो परियोजनाओं के लोकार्पण के साथ ही प्रदेश में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक चलने वाले विकास पर्व कार्यक्रम का भी शुभारंभ करेंगे। 1173 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नागलवाड़ी उद्वहन सिंचाई परियोजना से बड़वानी जिले के 50 गांव तथा खरगोन जिले के 74 गांव सिंचित होंगे। वही 155.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पाटी उद्वहन सिंचाई परियोजना से बड़वानी एवं पाटी तहसील के 23 गांव सिंचित होंगे। नागलवाड़ी उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 18720 रकबे में सिंचाई होगी तथा इस

परियोजना में कुल 124 गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें बड़वानी जिले के 50 ग्राम में तथा खरगोन जिले के 74 ग्रामों में सिंचाई हेतु पानी पहुंचाएगा। परियोजना के तहत बड़वानी जिले के ग्राम ब्राह्मणगांव, अजंदी, बड़सलाय, बोबलवाड़ी एवं रूई में तथा खरगोन जिले के ग्राम बड़ा एवं लेहकू में पंपिंग स्टेशन बनाए गए हैं तथा पाइप लाइन के माध्यम से किसानों के खेतों में सिंचाई हेतु छोटे.छोटे स्टेशन बनाए गए हैं।

पांच शुभ संयोग में मनेगा सावन का दूसरा सोमवार

खरगोन/नवप्रदेश। शिव उपासना के माह श्रावण में सोमवार का विशेष महत्व माना गया है। इस बार अधिकमास होने से भोले के भक्तों का शिवभक्ति के लिए 8 सोमवार मिले है, जिसका दूसरा सोमवार 17 जुलाई को है। दूसरे सोमवार को हरियाली अमावस्या के साथ ही कई विशेष योग बन रहे है जो इस सोमवार के महत्व को और विशेष करने वाला है। पंडित अरविंद डोंगरे के अनुसार इस बार सावन के दूसरे सोमवार पर सोमवती अमावस्या तिथि हो रही है। सोमवती अमावस्या का आरंभ 17 तारीख को सुबह 10 बजकर 9 मिनट से होगा और रात में 12 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। साथ ही इस दिन सूर्य कर्क राशि में गोचर करने जा रहे हैं। जिससे इस दिन कर्क संक्रांति भी है। साथ ही सोवन के दूसरे सोमवार के दिन हरियाली अमावस्या का योग भी बन रहा है। इस दिन पुष्य नक्षत्र भी है। और 18 जुलाई से पुरुषोत्तम मास की भी शुरुआत हो रही है। यह दिन पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए होगा। पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण, पीपल सहित अन्य पौधों का रोपण करने से सुख.समृद्धि बढ़ेगी। हरियाली अमावस्या का शुभ संयोग भी घटित हो रहा है। हरियाली अमावस्या का पर्व जीवन में पर्यावरण के महत्व का भी पर्व होता है। मान्यता है हरियाली अमावस्या के दिन पौधारोपण करने से जीवन के सारे कष्ट दोष दूर हो जाते हैं। इस दिन किसान अपने खेती में उपयोग करने वाले उपकरणों की पूजा कर ईश्वर से अच्छी फसल की कामना करते हैं। इस दिन हरियाली अमावस्या और सोमवती अमावस्या के संयोग से पुष्कर नामक योग

मंत्री सारंग से मुलाकात के बाद नर्सिंग ऑफिसरों की हड़ताल खत्म

भोपाल/नवप्रदेश। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग से मुलाकात के बाद 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे नर्सिंग ऑफिसरों ने रविवार को हड़ताल खत्म कर दी है। मंत्री श्री सारंग से उनके निवास पर नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भेंट की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी उपस्थित रहे। मुलाकात के बाद एसोसिएशन ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की।

इन मांगों पर बनी सहमति

मंत्री श्री सारंग ने हड़ताली कर्मचारियों से कहा कि राज्य वेतन आयोग से सम्बंधित मांगों को लेकर अनुशंसा की जाएगी। वहीं नियम परिवर्तन से सम्बंधित मांगों के संबंध में उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार जाट ने कहा कि मंत्री श्री सारंग से चर्चा के दौरान एसोसिएशन की विभिन्न मांगों पर सहमति बन गई है। राज्य वेतन आयोग से दो ग्रेड पे एवं नर्सिंग स्टाफ के रात्रि कालीन आकस्मिक भत्ते सहित वित्त विभाग से सम्बंधित चर्चा की जायेगी। मंत्री श्री सारंग से मुलाकात के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। अब हड़ताल को खत्म कर दिया गया है और सभी नर्स काम पर लौट रही हैं।

शुभचिंतकों- समर्थकों में नजर आया उत्साह

उत्साहित होकर धूमधाम के साथ भाजपाइयों ने मनाया प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का जन्मदिन,लड्डुओं से तौले गए डॉ.चौधरी

रायसेन/नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी का जन्मदिन आज रायसेन के जिला मुख्यालय स्थित श्रीराम परिसर में भाजपाई कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों द्वारा बड़े ही धूमधाम और उत्साहित होकर मनाया गया। नगर सहित जिले भर से भाजपा के पदाधिकारी शामिल होने आए और जगह-जगह चौक चौराहे पर स्वागत किया गया। गोपालपुर पर बबलू ठाकुरद्वारा इंडियन चौराहे पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाह एवं नगर पालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि जमुना सेन द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी जी के निवास पर स्वागत किया गया वहीं बिजली घर के सामने भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौर के प्रतिष्ठान पर डॉ.प्रभुराम चौधरी को 90 किलों लड्डुओं से तोला गया। इसीबीच सुबह से लेकर शाम तक चारों क्षेत्र से जन मानस सहित अनेक

पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस जन्मदिन के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग बधाइयां देने डॉ चौधरी के श्री राम परिषर कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर श्री चौधरी के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं संयुक्त संचालक श्रीमती नीरा चौधरी, युवा भाजपा नेता पर्व चौधरी भी शामिल हुए। साथ ही दूरदराज से आए हुए जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर बधाइयां दी। बड़े ही सरल सहज व्यक्तित्व के धनी डॉक्टर प्रभुराम चौधरी के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और स्नेह भोजन का कार्यक्रम भी रखा गया। वही इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, नगर परिषद अध्यक्ष गैरतगंज जिनेश जैन,विधायक प्रतिनिधि जमुना सेन वरिष्ठ भाजपा नेता एस मुनियन, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, ब्रजेश चतुर्वेदी,अशोक राठौर, राजेंद्र सिंह राठौर,दातार सिंह मीणा, बबलू ठाकुर,दीपक पंड्या,मनोज कुशवाहा,बद्री सिंह जादौन डाबरा बारेलाल सूर्यवंशी राजेंद्र राज मीणा, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा,,वीरेंद्र सिंह बघेल, , गोविंद वैष्णव , जगदीश अहिरवार,अजेश जाटव,शुभम रावत,अंशुल शर्मा, बबलू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

गौरेला में कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण जनसुविधा की दृष्टि से सर्वथा उचित

- प्रशासकीय कसावट आवागमन, सहित सभी दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री विधायक और अनेक जनप्रतिनिधियों ने गौरेला को चुना
- गुरुदेव की याद में ही बन रहा गुरुकुल में कम्पोजिट बिल्डिंग

गौरेला/नवप्रदेश। जिला बनने के बाद गौरेला मे कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण जनसुविधा की दृष्टि से सर्वथा उचित है। असंतुष्टों द्वारा पेड़ कटाई ,कभी गुरूकुल को मुद्दा बनाकर रोड़ा डालना सर्वथा अनुचित है। जिला वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण कर जिला बनाए जाने पर अपार खुशी हुई, अब प्रशाकीय दृष्टिकोण, काम-काज के लिए कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण गौरेला में किया जा रहा जो कि आवागमन, प्रशासकीय कसावट सहित सभी दृष्टिकोण से उपयुक्त है। इसे ही ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक डॉ. केके ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से गौरेला में कम्पोजिट बिल्डिंग बनाने का अंतिम निर्णय लिया। भवन के लिए प्रशाकीय स्वीकृति, टेंडर के बाद कार्य प्रारंभ हो चुका है। जो क्षेत्र के लिए प्रसन्नता का विषय है परंतु निजी स्वार्थ साधने के लिए पेड़ कटाई और गुरूकुल का अस्तित्व को मुद्दा बनाकर विकास कार्य में रोड़ा अटका रहें है जो सर्वथा अनुचित है। जबकि गुरूकुल का अस्तित्व ही गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर से ही जुड़ा हुआ है। यहां पर ही प्रशासनिक भवन कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना धरोहर का सम्मान करना है। अपनी यात्रा के दौरान गुरुदेव ने इस जगह को सर्व उपयुक्त स्थान माना था। जिला अस्पताल के पास कलेक्ट्रेट होने से ही स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशासकीय कसावट आई है।

जहां तक विकास की बात है तो जिला बनने बाद पेंड्रा और मरवाही क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, जलाशय सहित शिक्षा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेक्टर में व्यापक कार्य हुए है। प्रमुख कार्य इस तरह है। जिला बनने के बाद मरवाही क्षेत्र में सड़कों, पुलों, जलाशयों का निर्माण किया गया। मरवाही से पेण्ड्रा मुख्य मार्ग 40.20 किमी का 34 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से डामरीकरण एवं उन्नयन कार्ये, मरवाही से सिवनी 12.20 कि.मी. सड़क का 36 करोड़ 3 लाख रूपए कर लागत से चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, बचरवार से कोटखर्रा 6.10 कि.मी सड़क निर्माण कार्य लागत 8 करोड़ 55 लाख रूपए, सेमरदर्री-पसान मार्ग में सुखाड़ नाला पर 5 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल सह पहुंच मार्ग, धनपुर-पीपरडोल मार्ग में सोन नदी पर 3 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत के उच्च स्तरीय पुल का निर्माण,

परासी सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 6 करोड़ रूपए की लागत से सोन नदी पर परासी एनीकट, राजाडडीह जलाशय 12 करोड़ रूपए की लागत से, मटियांडांड जलाशय का 22.39 लाख रूपए की लागत से जीर्णोद्धार, जिला बनने के बाद जिले में 165 करोड़ 9 लाख रूपए की लागत से कुल 57 लघु सिंचाई योजनायें शामिल की गई है। इससे मरवाही के 9111 हेक्ट जबकि गौरेला में 8927 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल रही। करहनी में सोन नदी में लगभग 2.50 करोड़ रूपए की लागत से हाईड्रो पावर सिंचाई योजना का निर्माण किया गया।

शिक्षा क्षेत्र में मरवाही में स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया गया, भर्रीडांड और सिवनी में भी सेजेस स्वीकृत है। वर्ष 2020-21 में मरवाही, बंसीताल, बरौर एवं भस्कुरा में कन्या छात्रावास का निर्माण, वर्ष 2021-22 में नवीन प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास सकोला और सरकारी पारा के लिए 3 कारोड़ 6 लाख रूपए स्वीकृत, हाई स्कूल भवन भर्रीडांड में 3 नग लैब, 1 नग प्रयोगशाला कक्ष एवं मरम्मत, मेन गेट एवं गार्ड रूम का निर्माण 81 लाख 5 हजार रूपए स्वीकृत किया गया।

डोंगरिया और बंसीताल में महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क की स्थापना, सकोला को नया तहसील, मरवाही में 71 लाख रूपए लागत से तहसील कार्यालय भवन का निर्माण, 30.48 लाख रूपए लागत से उपकोषालय भवन का निर्माण, परासी में 65 लाख 44 हजार रूपए की लागत से तथा उसाढ़ में 49 लाख 8 हजार रूपए की लागत से शासकीय आयुर्वेद औषधालय का निर्माण में भवन निर्माण किया गया। इसी तरह जिला बनने के बाद विकासखंड पेंड्रा में बसंतपुर से बस्ती बगरा, आमगांव तक मार्ग पर 41 करोड़ 16.1 लाख लागत से 27 कि.मी. सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, बसंतपुर-अमरपुर-पेण्ड्रा मार्ग का 19 करोड़ 51 लाख की लागत से चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, बसंतपुर-नवागांव-भाड़ी मार्ग का 11 करोड़ 36 लाख 46 हजार लागत से चौडीकरण एवं मजबूतीकरण, पेण्ड्रा-चिरमिरी मार्ग पर 12.60 किमी का उन्नयन एवं नवीनीकरण लागत 9 करोड़ 67 लाख 83 हजार, अमरपुर मुख्य मार्ग से पेण्ड्रा जनपद पंचायत कार्यालय पहुच मार्ग 3 करोड़ 55 लाख 45 हजार की लागत से निर्माण, बसंतपुर से भाड़ी 5 कि.मी. सड़क का उन्नयन एवं चौडीकरण कार्य, लागत 11 करोड़ 55 लाख 56 हजार, कंचनडीह-बारीउमराव मार्ग पर सोन नदी पर 2 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल सह पहुंच मार्ग का निर्माण, अरपा खुज्जी जलारूशय के बांधएवं नहर मरम्मत कार्य लागत 4 करोड़ 62 लाख रूपए, चौरसिया जलाशय 1 करोड़ 22 लाख 40 हजार रूपए की लागत से बांध एवं नहर मरम्मत कार्य किया गया।

2 करोड़ 21.77 लाख लागत से विद्युत उपकेंद्र आमाडांड, 1 करोड़ 60 लाख की लागत से विद्युत उपकेंद्र दुबटिया बनाया गया है। जिला बनने बाद स्वामी आत्मानंद

ग्रामीण औद्योगिक पार्कों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

- रीपा में कार्यरत लोगों से कलेक्टर सिन्हा ने कहा- आपके लिए तैयार की हैं सुविधाएं, लाभ लेकर आगे बढ़ाएं अपना काम

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा शनिवार को लैलूंगा और तमनार ब्लॉक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने ग्रामीण औद्योगिक पार्को का निरीक्षण कर वहां चल रहे काम-काज को देखा। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने रीपा में काम कर रहे महिला समूहों और अन्य उद्यमियों से कहा कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में स्थानीय स्तर काम काज के लिए सर्वसुविधायुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जा रहा है, इसका लाभ लेते हुए अब अपना काम आगे बढ़ाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने महिला समूहों से चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो को देखा।

कोडासिया गौठान में महिला समूह द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाए जा रहे हैं। जिसमें कुकर, तवा और थर्मस जैसे उत्पाद शामिल हैं। जिसकी बिक्री सी-मार्ट के माध्यम से की जा रही है और इन उत्पादों की खासी डिमांड भी है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने रीपा में खाली स्थान पर हल्दी, आम और कटहल जैसे फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को व्यवसायिक प्लांटेशन के इस कार्य में महिला समूहों को जोडने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें अतिरिक्त आय मिल सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने लैलूंगा ब्लॉक मोहनपूर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 हेक्टेयर में तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां आम की कई किस्में लगाई जा रही हैं। अलावे इसके यहां कटहल, अमरूद जैसे दूसरे फलदार पौधे भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सुरक्षा के लिए फेंसिंग और पानी की समुचित व्यव्स्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया। इस दौरान एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत श्री वीरेन्द्र राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने तमनार के रीपा का भी निरीक्षण किया। यहां कई वर्किंग यूनिट्स संचालित हैं। इनमें सोहद्रा साव चैनलिंग फेंसिंग का काम कर रही हैं। उन्हें प्रशासन की ओर से कार्य करने की जगह के साथ मशीन उपलब्ध कराई गई है। सोहद्रा ने बताया कि पिछले एक माह में उन्होंने करीब 2 लाख रुपए की फेंसिंग सप्लाई किया है। अभी उनके पास 6 लाख का ऑर्डर है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनका हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने अन्य यूनिट्स का भी निरीक्षण कर वहां चल रहे काम काज का जायजा

जवाफूल चावल प्रोसेसिंग के लिए लगाएं मिनी राइस मिल

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि लैलूंगा क्षेत्र में सुगंधित जवाफूल चावल की खेती होती है। कोडासिया गौठान में इसकी प्रोसेसिंग के लिए मिनी राइस मिल लगाने के निर्देश उन्होंने दिए। जिससे किसानों की लागत घटेगी और उनका फायदा बढ़ेगा। उन्होंने चावल की पैकेजिंग भी बढिया रखने के लिए कहा। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तरीकों से खेती करने के लिए प्रशिक्षित करें जिससे प्रति एकड़ उनकी उपज में बढ़ोत्तरी हो और उनका लाभ बढ़े।

स्वच्छता पखवाड़ा व वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड रवि गैस एजेन्सी के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा एवं वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर वृक्षारोपण किया गया। सर्वप्रथम गैस एजेंसी के संचालक एवं कार्यरत कर्मचारी स्वच्छता सामग्री एवं पौधे लेकर विद्यालय परिसर पहुंचे। विद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा मिलकर विद्यालय तथा छात्रावास परिसर की साफ-सफाई किया गया। उसके बाद परिसर में आंवला, करंज शीशम, नीम तथा गुलमोहर आदि के पौधे रोपे गये। छात्रा-छात्राओं को परिसर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रवि गैस एजेन्सी के संचालक रविन्द्र पुराणिक, बसंत मिश्रा, कार्तिक, संतोष, पुनीत, चींटू, आकाश, सतीश, धर्मेन्द्र तथा संस्थाध्यक्ष, व्यवस्थापक एचआर भास्कर, सदस्य डॉ. एमके जनार्दन, प्राचार्य, उपप्राचार्य, अभिभावक सहित शिक्षक-शिक्षिका तथा छात्र-छात्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आज से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज

- उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आयोजन के होंगे मुख्य अतिथि

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। रायगढ़ का जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, तेतला में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। लगभग 2 माह 10 दिन तक चलने वाले यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। इस खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा।

विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बादभी नहीं शुरु हुआ सिटी बस संचालन

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर को जिला बनने के लगभग 12 वर्ष व्यतीत होने के बाद वर्तमान में शहर का काफी विस्तार हो गया है। शहर की सभी दिशाओं में शैक्षणिक संस्थान, शासन के विभिन्न कार्यालय तथा व्यवसाय के नए-नए आयाम स्थापित हो गए हैं। इन स्थानों तक आम नागरिकों को पहुंचने में बड़ी मशक्कत एवं खर्च का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा जिला मुख्यालय में सिटी बस की सेवा प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी होने के लंबे समय बाद भी आज दिनांक तक सिटी बस सेवा प्रारंभ नहीं होने से लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मालूम हो कि राज्य शासन से जिले में सिटी बस मार्ग निर्धारण होने की अधिसूचना जारी होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र के लोगों को सिटी बस की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समय पर बस या सवारी आटो नही आएं तो उन्हे मनमाने दर पर आटो रिक्शा आदि करवाना पड़ता है। सिटी बस प्रारंभ होने से आम लोगों का समय एवं धन दोनों बचेगा। जिले में मुख्य रूप से पण्डरिया मार्ग, रायपुर मार्ग, बिलासपुर मार्ग, लोरमी मार्ग, नवागढ़ मार्ग, रामगढ़ मार्ग, कोदवा लालपुर मार्ग पर सिटी बस चलाये जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। लोरमी मार्ग पर कंतेली तक स्कूल कालेज जाने वाले एवं उसी मार्ग पर आईटीआई पॉलटेक्निक कालेज, लाईवलीहूड कालेज सहित रोजगार कार्यालय भी ग्राम जमकोर में है। इसी तरह पण्डरिया रोड में चातरखार, सेतगंगा, फास्टरपुर में शासकीय महाविद्यालय, उसी मार्ग पर एग्रीकल्चर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तुरबा स्कूल छात्रावास आदि अनेक शैक्षणिक संस्थाये है, जिनके छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन आना जाना पड़ता है। साथ ही बाहर से आने वाले अभिभावकों को भी गंतव्य तक पहुंचने के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है।

नवागढ़ एवं रायपुर मार्ग पर

> सिटी बस में आ रही रूकावटों के संबंध में चर्चा कर इसे जल्द प्रारंभ किया जायेगा।
> **-पुन्नूलाल मोहले**, विधायक मुंगेली

> जिले का विकास के प्रयास किये जा रहे है अधिकतर जिला कार्यालय तीन किलोमीटर के दायरे में है। जिससे आने-जाने में समय एवं आर्थिक हानि उठाना पड़ता है। बड़े शहरों के तर्ज पर किये जा रहे प्रयासों में सिटी बस का संचालन जल्द प्रारंभ किया जाना चाहिए।
> **-राजेंद्र सिंह**, नागरिक मुंगेली

> दूसरे ब्लॉक से आकर कार्यालयों के चक्कर काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सिटी बस प्रारंभ होने पर इन समस्या से निजात मिलेगा।
> **-संतोष**, नागरिक लोरमी

पेयजल की गुणवत्ता की शिकायत के निराकरण हेतु समिति गठित

मुंगेली/नवप्रदेश। मानसून वर्षा के दौरान विभिन्न स्त्रोतों के उपयोग में लाये जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले ने पेयजल की गुणवत्ता परिवर्तन के संबंध में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं परीक्षण हेतु जिला स्तर पर नगरीय निकाय क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिकारी को प्रभारी अधिकारी तथा तकनीकी सहायक/उप अभियंता को सचिव, जल शाखा प्रभारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला प्रयोगशाला के केमिस्ट को सदस्य नियुक्त किया है।

इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए

सदर बाजार की सड़कें डूबी

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर एवं क्षेत्र में आज दोपहर 1 बजे से झमाझम बारिश हुई। जो देर रात तक बरसते रही। पिछले सप्ताह भर से रूकी बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी झलकी। क्षेत्र में रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। बारिश होने से तापमान में कमी आई। नदी का जल स्तर भी बढ़ने लगा है। आज की हुई झमाझम बारिश से सदर बाजार सहित कई मोहल्लों में पानी भर गया। जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती रही। पिछले पखवाड़े भर से पड़ रही कड़ी धूप के चलते तापमान में वृद्धि हो गई थी। दोपहर 1 बजे से शुरू हुई बारिश देर रात्रि तक होते रही। आज सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में काले-काले बादल छाने के पश्चात क्षेत्र में बुंदाबांदी बारिश हुई। जो दोपहर 1 बजे से झमा-झम बारिश शुरू हुई तथा देर रात्रि तक बूंदाबादी चलते रहा। बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया।

सदर बाजार में पिछले वर्ष सौंदर्यीकरण के नाम पर नाली को ढ़क दिया गया। जिसमें साफ-सफाई नही होने के चलते आज हुई तेज बारिश में सड़कों पर घुटने से ऊपर पानी भर गया। जिसके चलते आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सदर बाजार में वर्षो पहले बनाई गई सड़क एवं नाली में कितनी भी तेज बारिश हो पानी नही रूकता था। किन्तु आज की हुई बारिश के चलते नाली से पानी निकासी नही होने के चलते सड़कों पर पानी भरा रहा। आज की हुई बारिश के बाद खेती किसानी के कामों में तेजी आएगी। कृषक वर्ग खाद बीज की व्यवस्था में तेजी से जुटने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। बारिश होने से लोगों को उम्मीद है कि तापमान में कमी आई। लोगों का मानना है कि एक दो अच्छी तेज बारिश हो जाएगी तो धरती की प्यास बुझ जाएगी।

गर्मी से मिली राहत- आसमान में बदली छाने के बाद हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। शनिवार की बारिश एवं रात्रि तक बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पानी बरसने के साथ ही खेतों में किसानों की चहल-पहल बढ़ जाएगी। पिछले एक हफ्ते से तेज धूप चुभ रही थी। गर्मी से परेशान लोग बरसात का इंतजार कर रहे थे।

दोपहर 1 बजे से झमाझम बारिश से शहर और

नन्हीं वर्षा का हुआ कांक्लियर इंप्लांट

कोरिया/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान चिरमिरी से तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली आठ साल की नन्ही वर्षा अपने परिजनों के साथ आई थी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्षा और उनके परिवार से बातचीत की तथा उनके पिता मुकेश मिश्रा ने अपनी बच्ची वर्षा के इलाज की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री बघेल ने तत्काल वर्षा के इलाज के निर्देश दिए। मुकेश से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षा को बचपन से ही सुनने और बोलने में तकलीफ थी जिससे दिनचर्या में काफी कठिनाइयां होती हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन की मदद से वर्षा को एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया। एम्स में कुशल चिकित्सकों द्वारा वर्षा का सफल कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी किया गया।

सर्जरी के बाद वर्षा अब पूरी तरह से सुन सकती है और आवाज सुनकर प्रतिक्रिया भी देती है तथा बोलना भी सिख रही है, उनके पिता मुकेश मिश्रा एवं परिवारजनों ने बेहद खुशी एवं संतोष के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह से मिलकर जिला प्रशासन की सहायता के लिए उन्हें धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

विधायक जायसवाल का आरोप जमीन की फर्जी खरीद फरोख्त में शामिल है बीजेपी

विधायक डॉ विनय जायसवाल ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा, पेश किए दस्तावेज

मनेन्द्रगढ़ /नवप्रदेश। जिले के विधायक डॉ विनय जायसवाल ने मनेंद्रगढ़ में ही स्थित सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में उचित कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर एमसीबी को पत्र लिखकर दोषियों पर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। आपको बता दें की लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्र के स्थानीय विधायक डॉ विनय जायसवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया की मनेन्द्रगढ़ के चैनपुर इलाके में सरकारी जमीन की रजिस्ट्री 12 जुलाई 2023 को भाजपा के नेताओं के द्वारा अपने नाम पर

कर ली गई है। यह जमीन लगभग 22 एकड़ 87 डिसमिल है। राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत करते हुए भाजपा के कथित नेता ने करोड़ों की जमीन अपने नाम कर लिया गया है। मेरे द्वारा इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्व मंत्री और कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा गया है और उचित कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आगे बताया की भाजपा के नेता और उनके सहयोगियों तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से हुए इस फर्जीवाड़ा में अगर कठोर से कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो उनके द्वारा विधानसभा में प्रश्न उठाया जाएगा।प्रेस वार्ता में उन्होंने भाजपा के पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल पर भी निशाना साधते हुए कहा की लगभग 100 एकड़ आदिवासियों की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप है। उन्होंने कहा कि वे आज भी दावा करते हैं कि अगर पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल यह साबित कर दें की ये उनकी पुश्तैनी जमीन है तो आज ही मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। कई जगह शिकायत करने के बाद भी इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। 15 अगस्त तक अगर इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो उनके द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्व मंत्री से शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की जायेगी।

राजस्व अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

इस जमीन रजिस्ट्री मामले में राजस्व अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध नजर आ रही क्यो की जब भूमि पर स्थगन आदेश है तो संबंधित अधिकारियों ने किस आधार पर चौहद्दी बना कर जमीन क्रेता विक्रेता को दे दिया वही मनेन्द्रगढ़ में किसी को भनक न लगे जिस कारण बैकुंठपुर में जमीन की रजिस्ट्री होना कही न कही अधिकारियों की भी मिलीभगत होने का आरोप लगा है । वैसे भी बैकुंठपुर में हो रहे जमीन रजिस्ट्री पर अधिकारी पर आरोप लगते रहे है फिर भी किसी मामले में अब तक जाच नही हो पाया।

जिससे रजिस्टार ऑफिस की भी

शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले करने वाले कुल 3 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना जरहागांव, फास्टरपुर, चिल्फी द्वारा कार्यवाही की गई।

थाना जरहागांव द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री एवं भंडारण करने वाले आरोपी जयकुमार उर्फ जैलू बंजारे के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 1 आरोपी के विरूद्ध भी थाना सरगांव ने वैधानिक कार्यवाही की।

न्यूज गैलरी

मॉर्निंग वॉक कर रही महिला से मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की लाठी से पिटाई कर युवक ने सोने की चेन छीन ली। शोर मचाने पर वह चौक की ओर भागा। पुलिस ने इस केस में साधारण मारपीट का केस दर्ज किया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। जोरापारा निवासी मनियारा दुबे (70) गृहणी हैं। उनका बेटा सुरेंद्र दुबे नूतन चौक में डेयरी दुकान चलाता है। महिला हर रोज मॉर्निंग वॉक पर जाती हैं और रास्ते में फूल तो?ते घर आ जाती है। गुरुवार की सुबह करीब 3.30 बजे वह वॉक पर निकली थीं। चौक के पास पहुंचकर फूल तोड़ रही थी। इसी बीच एक युवक आया और फूल तोड़ने से मना करते हुए उसके साथ गाली-गलौच करने लगा फिर अचानक उसने लाठी से पिटाई शुरू कर दी और गले से सोने की चेन छीन ली। महिला ने शोर मचाया तो युवक भाग निकला। वह चौक की ओर गया। मां की आवाज सुनकर बेटा सुरेंद्र भी चौक की ओर दौ?ा पर युवक तब तक गायब हो चुका था। मारपीट से महिला के हाथ, पैर और कमर में चोटें आई थी। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद घटना की जानकारी सरकंडा पुलिस को दी। पुलिस ने इस मामले में साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया है। लूट की धारा नहीं लगाई गई है। पुलिस उसकी तलाश में है।

विनोबा में शुरू की कथक की कक्षाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुवार को विनोबा नगर सहगल गली स्थित गार्डन के हॉल में श्रीकला मंजरी कथक संस्थान की नई कथक क्लास शुरू हो गई है। इसका उद्घाटन योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कथक भारतीय परंपरा और भक्ति मार्ग से जोड़ती है। साथ ही कथक साधकों को जीवन पथ पर अग्रसर होने नई दिशा प्रदान करती है और से एक कलाकार के रूप में समाज में अपने आप को स्थापित कर पाते हैं। इस अवसर पर श्रीकला मंजरी कथक संस्थान के अध्यक्ष डीके शर्मा ने भी कहा कि कथक विधा भारत की प्राचीन विधा है और समाज में भक्ति के साथ ही कला से समाज को जोड़े रखती है। इस दौरान संस्थान के सचिव व कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा ने भी कला के संबंध में अपने विचार रखे। इसके बाद संस्थान के सीनियर छात्रों ने अपनी छोटी सी प्रस्तुति दी।

विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार कोल इंडिया लिमिटेड की 3 फीसदी हिस्सेदारी बेचना चाह रही है। इसकी प्रक्रिया फिलहाल रुकी हुई है। इसे लेकर कोल इंडिया में काम करने वाला संगठन कोयला श्रमिक संघ (सीटू) ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर संघ के सदस्यों व पदाधिकारियों ने एसईसीएल मुख्यालय के गेट के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद पीएम, कोयला मंत्री, कोल इंडिया बिलासपुर के महाप्रबंधक सहित कई उच्चाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर हिस्सेदारी बेचने पर विरोध जताया। कोयला श्रमिक संघ ने कहा कि कोल इंडिया के कामगारों ने प्रति वर्ष उत्पादन और लाभ दोनों में प्रभावशाली वृद्धि करता आया है। वर्ष 2021-22 में उत्पादन 22.64 मीट्रिक टन था, जिसमें लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह साल दर साल आधार पर 62 प्रतिशत लाभ में वृद्धि हुई है। 2021- 22 में 17378 करोड़ रुपए और 2022-23 में 28125 करोड़ रुपए लाभ रहा है। कोल इंडिया एक प्रमुख राष्टीयकृत क्षेत्र होने के साथ सरकार को पर्याप्त लाभांश दे रहा है। इसके बावजूद हिस्सेदारी बेची जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा हिस्सेदारी बेचने से न केवल इस क्षेत्र का विकास बाधित होगा बल्कि मौजूदा सामंजस्यपूर्ण आईआर इको सिस्टम को भी नुकसान पहुंचेगा।

महिला प्रकोष्ठ की हुई बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन का महीना शुरू हो चुका है। इसे लेकर महिला संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी की में सर्व यादव समाज के महिला प्रकोष्ठ ने छत्तीसग भवन में बैठक की। इसमें सावन उत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। इसमें जिलाध्यक्ष गीता कृष्ण, उपाध्यक्ष ममता यादव, लक्षन यादव, जिला महामंत्री सरिता यादव, सचिव मंजू यादव, हेमा यादव प्रियंका यादव, मालती यादव, लक्ष्मी यादव, भगवती यादव, पुष्पा यादव, मधु यादव सहित अन्य उपस्थित रहीं।

चक्काजाम को समर्थन देने पहुंचे पूर्व मंत्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। मेलनाडीह-मस्तूरी नहर रोड निर्माण की मांग को लेकर शुक्रवार को बेलतरा विधायक रजनीश सिंह ग्रामीणों के साथ बाम्हू चौक पर चक्काजाम किया। जनहित को लेकर उनके द्वारा किए गए इस आंदोलन को पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने भी समर्थन दिया। पूर्व मंत्री व बेलतरा विधायक समेत ग्रामीण करीब डे घंटे तक डटे रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को ग्रामीणों से किए गए वायदे की याद दिलाई। विधायक और पूर्व मंत्री ने सड़क पर उतर कर कार्यकर्ताओं के साथ लोगों से समर्थन मांगा। साथ ही मांग पत्र पर हस्ताक्षर भी लिए। लंबे समय से बेलतरा विधायक मेलानाडीह मस्तूरी नहर मार्ग के पुनर्निमाण को लेकर सरकार से मांग कर रहे है । उन्होंने बताया कि गड्ढों से भरे हुए बर्बाद हो चुके सक के निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की थी। वे भी सरकार को कई पत्र लिख चुके हैं। वहीं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से कमीशन के खेल में मस्त है। मंत्री सिर्फ पैसों की भाषा को समझते है। हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है जनहित के मुद्दों से इनका कोई सरोकार नहीं है।

मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने सर्वे

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने के लिए सभी विकासखंडों में नेत्र सहायक अधिकारियों की टीम गांवों में शिविर आयोजित कर घर-घर सर्वे करेंगे। ग्रामीणों की आंखों की जांच कर सलाह देंगे। मोतियाबिंद से पीति मरीजों को शहर के अस्पतालों में निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। यह निर्णय आज सीएमएचओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित जिला अंधत्व निवारण समिति के बैठक में लिया गया। सीएमएचओ डॉ. शुक्ला ने सभी नेत्र सहायक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी गांव में नेत्र जांच किया जाए। मोतियाबिंद से पीति मरीजों की जानकारी जुटाने के बाद रेडक्रॉस समिति की सहायता से जिला अस्पताल में उनका ऑपरेशन शुरू कराया जाए। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के आंखों की जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। जिन बच्चों के आंख की रोशनी कमजोर है, उन्हें निशुल्क चश्मा वितरण भी करने को कहा गया है। बैठक के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, अंधत्व निवारण के नोडल अधिकारी डॉ. शुभा गेवाल, सहायक नोडल अधिकारी विजय प्रताप सिंह, नौशाद अहमद, सहित जिले के सभी नेत्र सहायक अधिकारी उपस्थित रहे।

निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनपद सभाकक्ष में शुक्रवार को सीईओ कुमार सिंह लहरे ने बैठक ली। इस दौरान छत्तीसगढ़ का पहले त्योहार हरेली, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, जानवरों का रोका-छेका व गोठान में पूजा पाठ की रणनीति बनाई। बता दें कि राज्य सरकार के मंशानुरूप छत्तीसगयिा के पारंपरिक खेलों को ग्रामीण क्षेत्रों में बवा देने, खेल प्रतिभाओं को निखारने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस साल भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 17 जुलाई से किया जाएगा। इस दौरान 16 प्रकार के अलग-अलग खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गिल्ली डंडा, पिठ्ठूल, लंगड़ी दौड़, कबड्ड़ी, खो-खो, रस्साकशी, बाटी, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद व कुश्ती शामिल है।

इलाज के अभाव में भटक रहे मरीज

बिलासपुर/बिलासपुर। स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत वेद परसदा में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया है, लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सप्ताह में एक या दो दिन ही आते हैं। इससे सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को हो रही है। ग्राम पंचायत वेद परसदा के लोगों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इलाज नहीं मिल रहा है, इसलिए वे इलाज कराने के लिए 3 किलोमीटर दूर मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे है। वहीं सावन की शुरुआत होते ही लोग तेजी से सर्दी और बुखार की चपेट में आ रहे हैं, लेकिन उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में इलाज नहीं मिल रहा है और वे सीएससी मस्तूरी में इलाज कराने जा रहे हैं। समय से पहले बंद कर दे रहे सेंटर बता दें कि मस्तूरी क्षेत्र में 50 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। यहां सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मरीजों का इलाज करने का प्रावधान है, लेकिन ग्रामीणों की शिकायत है कि सेंटर समय पर नहीं खुलते हैं। साथ ही शाम होने से पहले ही बंद कर दिया जाता है। इस वजह से उन्हें इलाज के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है।

स्कूली छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बिलासपुर/बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में शत प्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के चलते लोगों में जागरूकता आई है।

तखतपुर ब्लॉक के ग्राम मोछ में दिव्यांगजनों के लए आयोजन शिविर में उपस्थित नागरिकों ने मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदाता शपथ ली। कोटा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव की छात्राओं ने ब? उत्साह के साथ ग्राम में भ्रमण कर जनजागरूकता रैली निकाली। जनपद पंचायत मस्तूरी में छत्तीसग?िया ओलम्पिक की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष, ग्राम सचिव और खेल शिक्षकों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

बैंड एवं डिस्को लाईट व्यापारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस

बिलासपुर/बिलासपुर। बैंड एवं डिस्को लाईट ,घोड़ी बग्घी,पंजाबी डोल, साउंड सर्विस व्यापारी संघ का स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक शैलेश पाण्डेय एवं विशेष अतिथि शैलेन्द्र जयसवाल (एल्डरमैन) हाईकोट एडवाकेट प्रदीप राजगीर ,रामा बघेल (पार्षद) के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन हुआ। बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। बैंड एवं डिस्को लाईट व्यापारी संघ अध्यक्ष नासिर खान ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि व्यापारियों के लिए एक व्यवस्थित मार्केट, बैंक लोन तथा जो व्यापारी और कर्मचारि गरीबी रेखा के अंतर्गत आते है, उन्हें शासन द्वारा आवास की व्यवस्था करने के लिए निवेदन किया हमारी मांग को सुनकर नगर विधायक शैलेश पांडे ने कहा की में मुख्यमंत्री एव जिला प्रशासन से भेंट कर आप की मांगों को रखूंगा मुझे उम्मीद है कि इसी सत्र में ही आपकी उम्मीदों पर सफल हो सकू इसी कड़ी में संघ के वरिष्ठ छोटे लाल जयसवाल, सुरेश कुलपहाडी, कृष्ण कुमार कुलपहाडी, रामफेर सिंह का विधायक ने श्रीफल देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशोक सोनी समीर खान,शुसिल कश्यप, राममोहन बोलर, बृजेश देवांगन, राजा बेन,ललित राव,कलेश मरावी,राजू गुलहरे, सन्तोष वाधवानी, अरुण श्रीवास्तव, महेश खोटे, रौशन बावने, घनश्याम नारवानी, अमन कुलपहाडी, संदीप सोनवानी,मंगल लखेरे,गौतम बेन, आदि भारी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

चंद्रयान-3 की लॉचिंग को छात्रों ने देखा लाइव

बिलासपुर/बिलासपुर। अंतरिक्ष के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चंद्रयान-03 दोपहर 02-35-17 बजे लांच हुआ। कई स्कूलों के बच्चों को इसे लाइव दिखाया गया। सभी ने तालियां बजाकर अपनी जिज्ञासा और खुशियों का इजहार किया। तिलक नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में लाइव प्रसारण दिखाने के लिए पूरी व्यवस्था की गई। 1 दिन पहले से ही प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम लगाकर लाइव टेलीकास्ट दिखाने की सुविधा का रिहर्सल कर लिया गया। यहां सह व्यवस्थापक बैजनाथ राय भी मौजूद थे। उनके दोनों बच्चे यूएसए में वैज्ञानिक हैं। सरस्वती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, सचिव विवेक सक्सेना, संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने शिक्षकों और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि 14 जुलाई 2023 भारत के लिए एक और गौरवशाली

मतदाताओं को जागरूक करने ईवीएम मशीन का प्रदर्शन

बिलासपुर/बिलासपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित न्यू कंपोजिट बिल्डिंग एवं सभी एसडीएम कार्यालय में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिकों को ई वी एम मशीन से मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। ईवीएम मशीनों के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया से वाकिफ होने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लोगों ने इसे आयोग का सराहनीय कदम बताया।

सुरक्षित आवागमन के संबंध में डीईओ ने जारी किया निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्कूली बच्चों के सुरक्षित तरीके से आने जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के सभी बीईओ और प्राचार्यो के लिये निर्देश जारी किया गया है। इस निर्देश में जिले के सभी संस्था में जो बच्चे अध्ययनरत हैं, वे सुविधाजनक एवं सुरक्षित तरी? से स्कूल जाए, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। इस संबंध में सभी बच्चों और पालकों को जागरूक करने और वाहन चालकों को भी सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई निर्देश का पालन नहीं करता है तो तत्काल इसकी सूचना परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग को देने और इस निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। किसी भी प्रकार से निर्देश की अवहेलना के कारण दुर्घटना होने पर संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे 7इसी परिप्रेक्ष्य में आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंगला में यातायात पुलिस , जिला रोड सेफ्टी सेल द्वारा बच्चों को सुरक्षित यातायात के संबंध में समझाइश दी गई। यातायात पुलिस के प्रभारी श्री उमाशंकर पांडे ने यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी बच्चों को दी।

रेल पटरी में मिली महिला और युवक की लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ही दिन रेलवे ट्रैक पर दो अलग-अलग स्थानों पर महिला व पुरुष की लाश मिली। महिला की पहचान नहीं हो पाई है, जबकि पुरुष किराना व्यवसायी का बेटा है और वह मुंगेली जिले के लोरमी थाना क्षेत्र का रहने वाला था। दोनों में हत्या की आशंका है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन क्षेत्र में अमेरी फाटक के पास 20-25 साल की महिला का शव रेलवे ट्रैक पर दो पटरियों के बीच मिली। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव की पहचान कराने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। शव की स्थिति देखकर माना जा रहा है कि वह या तो ट्रेन से गिरी है या किसी ने शव गिराया है। महिला के शरीर पर कप? अस्त व्यस्त थे। शव को फिलहाल मरच्युरी में रखवा दिया गया है। टीआई परिवेश तिवारी के अनुसार उसकी फोटो जिले के अलावा दूसरे जिले के थानों में भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। इधर कोटा में मुक्तिधाम के पास स्थित रेलवे ट्रैक के पास किराना व्यवसायी की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली।

आत्मानंद स्कूल में रोपे गए 50 पौधे, स्वच्छता का संदेश दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय क्षेत्र संकाय प्रभाग, उप क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा स्वच्छता पखवाा मनाया गया। पखवाा 1 जुलाई से शुरू हुआ है, जो 15 जुलाई तक चलेगा। अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल लिंगियाडीह में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय सांख्यिकी सेवा के उपनिदेशक आशुतोष अवस्थी, उप प्रधानाचार्य अनामिका तिवारी ने की। इस अवसर पर राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय के सहायक निदेशक पीएल सोनवाणी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान व पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्राफ्ट एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। उप प्रधानाचार्य तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रकृति को बचाने के लिए वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अभियान के महत्व पर छात्रों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण ग्लोबल वार्मिंग ब रही है। सहायक निदेशक सोनवाणी ने दैनिक जीवन में सफाई का महत्व बताते हुए विश्व को सुंदर बनाए रखने में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उपनिदेशक अवस्थी ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवो के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इस अभियान में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय, विभाग एवं संस्थान भाग ले रहे हैं, जिसके लिए पेयजल और स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय को नोडल विभाग बनाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूल परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया और विद्यालय परिसर में सफाई भी की गई।

यादव समाज करेगा पढ़े-लिखे युवाओं का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला देशहा यादव समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक इमलीपारा स्थित यादव समाज के भवन में हुई। इसमें समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व मे किए गए कार्यो की समीक्षा की। साथ ही आने वाले सभी त्योहारों की तैयारी पहले से करने के मुद्दे पर बात की गई। इसके साथ समाज के लोगों ने कहा कि कार्यकारिणी में अधिक लोगों को शामिल करना है, लेकिन इसमें इस बार का विशेष रूप से ध्यान देना है कि जिस भी शामिल किया जाए, वह पढ़ा-लिखा होना चाहिए। जिससे वे समय के अनुसार हर जगह समाज का नेतृत्व कर सके। समाज में शिक्षा को बावा देना है। शिक्षित लोग ही आगे ब सकते हैं, इसलिए समाज में शिक्षा को बढ़ाना है। हर युवा शिक्षित हो, इस पर भी ध्यान देना है। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया कि आर्थिक कारण से किसी भी भी पाई प्रभावित नहीं होगी। समाज ऐसे बच्चों का सहयोग करेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवशंकर यादव, महासचिव संतोष यादव, कोषाध्यक्ष अभिलेष यादव, मनीराम यादव, दिनेश यादव, बहोरन यादव, रामचंद्र यादव, लालजी यादव, अजय यादव, दिनेश यादव, जीवन यादव, सतीश यादव, अनिल यादव, भागीरथी यादव, नंदकुमार यादव, चंद्रिका प्रसाद, कृष्ण कुमार यादव, रामेश्वर यादव, अखिलेश यादव, भागवत यादव, रामकिशुन, अमृत, अभिषेक, लोकेश, गोपाल, जवाहर, अजय, आशीष, विमल, अमर, अरुण, मुकेश, दशरथ, लाल, कन्हैया यादव, टीकाराम सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक में चर्चा हुई कि जो भी त्योहार आने वाले हैं, उन्हें अच्छे से मनाना है। इसके लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाए। हरेली मनाया जाएगा। इसके तुरंत बाद परिक्षेत्रों में कार्यकारिणी गठित होगी। फिर सभी परिक्षेत्र में जन्माष्टमी मनाई जाएगी। समाज ने कहा कि 11 परिक्षेत्र हैं। इन सभी में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सभी में पे-लिखे युवाओं को रखना है। समाज ने निर्णय लिया कि सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने जाएंगे। इससे चुनाव में होने वाले खर्च भी बचेगा। साथ ही आपसी सामंजस्य भी बना रहेगा। समय भी बर्बाद नहीं होगा।

अब निगम अमले के साथ ट्रैफिक और थाना पुलिस भी मवेशी हटाने में करेगी मदद

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों की धरपक के लिए अब 4 काऊ कैचर का उपयोग होगा और मवेशियों को खुला छोने वालों पर कार्रवाई होगी। शुक्रवार को एसपी संतोष कुमार सिंह ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने निगम के अफसर व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें ट्रैफिक व्यवस्था संचालन में होने वाली दिक्कतों व मार्गो पर अतिक्रमण का विश्लेषण किया गया। अफसरों ने इन्हें दूर करने पर चर्चा की। ट्रैफिक सुधारने आने वाले दिनों में स्कूल, कॉलेज, प्रमुख चौक चौराहों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यातायात की पाठशाला लगाई जाएगी। इसी तरह नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान निजात के तहत लोगों को जानकारी दी जाएगी। रक्षा टीम स्कूलों में जाकर महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी देगी। एसपी ने शहर के थाना प्रभारियों को भी नशे में वाहन चलाना, बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर, नो पार्किंग में खड़ी वाहन, रांग साइड मूवमेंट, रेड सिगनल जंपिंग सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने तेज व खतरनाक ढंग से गाी गायिों पर कार्रवाई करने कहा। एसपी ने ट्रैफिक थानेदारों से शहर की ट्रैफिक इंजीनियरिंग के विषय में चर्चा की और व्यवहारिक रूप से आने वाली दिक्कतों की जानकारी ली।

अनुराग बासु की मेट्रो... इन दिनों की डेट आगे बढ़ी

बर्फी और लाइफ इन अ मेट्रो जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके अनुराग बसु अब अपनी फिल्म मेट्रो... इन दिनों को लेकर चर्चा में हैं, जिसका ऐलान काफी समय पहले हो चुका है। सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर अभिनीत यह पहले इसी साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट में बदलाव हो गया है। मेकर्स की ओर से इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाने का ऐलान किया गया है। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर इसकी रिलीज डेट में हुए बदलाव की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, बसु की फिल्म मेट्रो... इन दिनों को नई रिलीज डेट मिल गई है और अब यह अगले साल गुड फ्राइडे यानी 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें सारा और आदित्य के अलावा नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन, अनुपम खेर, अली फजल और फातिमा सना शेख नजर शामिल हैं। मेट्रो... इन दिनों का संगीत प्रीतम तैयार कर रहे हैं, जो 2007 में आई लाइफ इन अ मेट्रो को भी संगीत दे चुके हैं। लाइफ इन अ मेट्रो में कंगना रनौत, शाइनी आहूजा, शिल्पा शेट्टी, धर्मेंद्र, इरफान खान और के के मेनन अहम भूमिका में नजर आए थे। टी-सीरीज और बसु के प्रोडक्शन द्वारा निर्मित यह फिल्म खट्टे-मीठे रिश्तों की कहानियों को दिखाएगी। इस फिल्म के जरिए अनुराग और आदित्य लूडो के बाद दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म के बारे में बसु ने कहा था, यह लोगों की कहानी है और लोगों के लिए है। मुझे एक बार फिर से भूषण के साथ काम करने की खुशी है। मैं सभी अद्भुत कलाकारों के साथ काम करने के लिए भी खुश हूं। भूषण ने कहा था, अनुराग दादा के साथ काम करना मेरी लिए एक ट्रीट की तरह है। हम साथ में काम करने के लिए उत्साहित हैं। प्रीतम का संगीत फिल्म की कहानी में जान फूंक देगा। बसु कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 लेकर आने वाले हैं, जिसके लिए फिलहाल अभिनेत्री का चयन नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि फिल्म में कार्तिक के साथ नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा। सारा हाल ही में जरा हटके जरा बचके में नजर आई हैं तो अब वह ऐ वतन मेरे वतन में दिखाई देंगी, वहीं फातिमा सैम बहादुर का हिस्सा हैं। इसके अलावा अनुपम इमरजेंसी और द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे।

रोमांटिक ड्रामा देवदास के 21 साल पूरे



रोमांटिक ड्रामा देवदास ने अपने 21 साल पूरे कर लिए हैं। भंसाली प्रोडक्शंस ने दर्शकों और सिनेमा प्रेमियों को देवदास की कुछ झलक दिखाई। सोशल मीडिया पर निर्माताओं द्वारा साझा किए गए वीडियो में बैकग्राउंड सॉन्ग सिलसिला ये चाहत का के साथ फिल्म के प्रतिष्ठित दृश्यों और संवादों की झलक थी। कैप्शन में निर्माताओं ने लिखा, एक आकर्षक यात्रा की शुरुआत, जहां प्यार की कोई सीमा नहीं है, देव की पारो के लिए लालसा, चुन्नी की अटूट दोस्ती और चंद्रमुखी की सांत्वना के साथ मिलकर भावनाओं की एक टेपेस्ट्री बनाती है जो आज 21 साल बाद भी गूंजती है। पहले फ्रेम से ही देवदास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक सेट भव्य रूप से डिजाइन किया गया था जो बंगाल की असाधारण दुनिया में ले गया था। देवदास में वेशभूषा अपने आप में अलग थी। वेशभूषा ने न केवल कथा को बढ़ाया बल्कि पात्रों की पहचान भी बन गया। देवदास का संगीत हमारी यादों में बसा हुआ है। डोला रे डोला, सिलसिला ये चाहत का और हमेशा तुमको चाहा जैसे गाने प्यार और चाहत के गीत बन गए, जिनकी धुन आज भी हमारी आत्मा में बसी हुई है। संगीत फिल्म की धड़कन बन गया। ऐश्वर्या राय बच्चन की पारो मासूमियत का प्रतीक है, जबकि माधुरी दीक्षित की चंद्रमुखी में करुणा और चुन्नी बाबू की अटूट दोस्ती झलकती है। 21 साल बाद भी भंसाली की देवदास एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति बनी हुई है, जिसे दुनिया भर के दर्शक आज भी स मान से सराहते हैं। फिल्म की विरासत पीढ़ी-दर-पीढ़ी मजबूती से कायम है और भारतीय सिनेमा में एक कालजयी क्लासिक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रही है।

रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया का प्रोमो आया सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री, डांसर और मॉडल नोरा फतेही इन दिनों अपने आगामी रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह रेमो डिसूजा और दुष्ट सनी के साथ जज की कुर्सी संभालती नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने हिप हॉप इंडिया का पहला प्रोमो वीडिया जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। हिप हॉप इंडिया का प्रीमियर 21 जुलाई से अमेजन मिनी टीवी पर किया जाएगा। नोरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह मौजूदा वक्त में कुणाल खेमू की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में नोरा पहली बार मु य भूमिका में नजर

आएंगी, जिसके लिए वो काफी उत्साहित भी हैं। फिल्म में नोरा के अलावा कुणाल, फरहान अ तर, रितेश सिधवानी और अन्य कलाकार हैं। इसके अलावा नोरा फिल्म 100 प्रतिशत का हिस्सा हैं, जिसमें वह रितेश देशमुख और शहनाज गिल के साथ अभिनय करती दिखाई देंगी। शो का नेतृत्व करने वाले दोनों के साथ, वे दर्शकों की नए हिप हॉप रियलिटी शो की अत्यधिक उ मीदों के साथ सभी उ मीदें बढ़ाते हैं, प्रोमो विभिन्न प्रतियोगियों की गलियों से लेकर हिप हॉप इंडिया के गौरवशाली मंच तक की यात्रा को भी पूरी तरह से न्याय करते हुए सामने लाता है। इसकी टैगलाइन गली से ग्लोरी तक। प्रत्येक प्रतियोगी के पास एक अद्वितीय व्यक्तित्व होगा और वे जजों को प्रभावित करने के लिए अपनी कई शक्तिशाली नृत्य चालों का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को कल्पना और रचनात्मकता के साथ मिलाकर एक ताजा सड़क अवतार लाएंगे। शो के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए नोरा फतेही ने कहा, डांसिंग मेरे जुनून में से एक है और हिप-हॉप इसे करने का सबसे अच्छा तरीका है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का गाना व्हाट झुमका

इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार (12 जुलाई) को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का दूसरा गाना व्हाट झुमका जारी कर दिया है, जिसमें रॉकी (रणवीर) और रानी (आलिया) साथ में जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर व्हाट झुमका गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, गिर जाए तो फिर ना कहना...झुमका गिरा रे। इस गाने को अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है, जबकि व्हाट झुमका के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को सिनेमााघरों में रिलीज होगी। इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया-रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि

दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है। धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल् स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह इस फिल्म के लिए अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म योद्धा आ रही है, जो करण की पहली एक्शन फ्रेंचाइजी है। वह सिंघम अगेन से भी जुड़े हैं और बेधड़क भी लेकर आ रहे हैं, जिसके जरिए करण, संजय कपूर की बेटी शनाया बॉलीवुड में लॉन्च करेंगी। सारा अली खान को लेकर फिल्म ऐ वतन मेरे वतन करण ने ही बनाई है। विक्की कौशल की फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम, सी शंकरन नायर की बायोपिक और सरजमीं जैसी फिल्में भी करण के पास हैं।

वैष्णवी चैतन्य की पहली फिल्म बेबी का सफर शुरू

यूट्यूबर, चरित्र कलाकार और सोशल मीडिया प्रभावकार के रूप में जानी जाने वाली वैष्णवी चैतन्य ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म बेबी के बारे में मीडिया से बात की। मास मूवी मेकर्स के बैनर तले एसकेएन द्वारा निर्मित और साई राजेश द्वारा निर्देशित, फिल्म में आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन हैं। फिल्म की रिलीज 14 जुलाई को होनी है और इसने विजय बुल्गानिन द्वारा रचित अपने सनसनीखेज गीतों और साई राजेश द्वारा लिखे गए प्रभावशाली संवादों के कारण पहले ही ध्यान आकर्षित कर लिया है। बातचीत के दौरान, वैष्णवी चैतन्य ने खुद को एक यूट्यूबर और चरित्र कलाकार के रूप में पेश किया, और बेबी में मु य अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह हीरोइन बनने की वाहिश

रखती थीं और इस इंडस्ट्री में आठ साल से थीं, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें इतना बड़ा मौका मिलेगा। जब उन्होंने फिल्म की कहानी सुनी तो वह हैरान और अभिभूत हो गई, उन्हें यकीन नहीं था कि उन्हें इस भूमिका के लिए चुना जाएगा। हालाँकि, साई राजेश को उस पर तब भी विश्वास था जब उसे खुद पर विश्वास नहीं था, और उसने इस अवसर को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ माना। वैष्णवी चैतन्य ने अपने करियर के दौरान उन्हें मिली नकारात्मक टिप्पणियों को संबोधित किया, विशेष रूप से इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे प्लेटफार्मों पर वीडियो बनाने से लेकर फिल्म नायिका बनने तक के उनके संक्रमण के संबंध में। आलोचना के बावजूद, साई राजेश का अपनी क्षमताओं पर विश्वास ने उन्हें साहस और दृढ़ संकल्प से भर दिया। फिल्म बेबी के बारे में बोलते हुए, वैष्णवी चैतन्य ने अपने किरदार को एक मासूम लड़की के रूप में वर्णित किया, जो एक झुग्गी में पली-बढ़ी थी। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि झुग्गी छोडने के बाद उसका जीवन कैसे बदल जाता है और उसके अनुभवों से सीखे गए सबक पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह किरदार बचपन से ही एक लड़के से प्यार करता है, लेकिन जब वह कॉलेज में दाखिला लेती है तो एक और लड़का उसके जीवन में प्रवेश करता है, जिससे महत्वपूर्ण बदलाव आते हैं। फिल्म इन घटनाओं का लड़की के जीवन पर पडने वाले प्रभाव को दर्शाती है, और वैष्णवी चैतन्य को कहानी और उसके चरित्र दोनों के साथ एक मजबूत संबंध महसूस हुआ, जिसने उनके अभिनय कौशल के लिए पर्याप्त गुंजाइश प्रदान की। उन्होंने फिल्म में संगीत पर जोर देने पर प्रकाश डाला, क्योंकि साई राजेश को इसका विशेष शौक है। यह कहानी उनके स्वयं के जीवन से मेल खाती है, क्योंकि यह वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित थी।

बार्बी गर्ल बनीं अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर लगाया तड़का

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं।

उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से चर्चाओं का विषय बन जाता है। एक्ट्रेस ने 20 साल की उम्र में अपने ग्लैमर का लोगों के बीच ऐसा तड़का लगाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उनके लेटेस्ट लुक ने एक बार फिर से तबाही मचा दी है। अनुष्का सेन टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस में से एक हैं। उनका हर एक स्टाइल को फैंस बखूबी फॉलो करते हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने



अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने पिंक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। अभिनेत्री अपने इस आउटलुक में बेहद ही प्यारी बार्बी डॉल जैसी नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस ने अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक ग्लैमरस अंदाज में पोज दिए हैं। बता दें कि अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

जोकोविच VS अल्कारेज में विम्बलडन फाइनल

विम्बलडन 2023 का फाइनल कार्लोस अल्कारेज और नोवाक जोकोविच के बीच खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब के सेंटर कोर्ट पर शाम 7.30 बजे होगा।अल्कारेज टूर्नामेंट में अपना 12वां ही मैच खेलेंगे जबकि जोकोविच 7 बार विम्बलडन जीत चुके हैं। इसे 2 पीढ़ियों का मुकाबला भी कह सकते हैं, क्योंकि जब स्पेन में अल्कारेज का जन्म (2003) हुआ था तब जोकोविच ने अपने प्रोफेशनल करियर का आगाज कर दिया था। जब अल्कारेज ने पहली बार रैकेट थामा, तब जोकोविच पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल चुके थे। जोकोविच ने एक महीने पहले ही 23वां ग्रैंड स्लैम जीता है। ऐसे में यह देखना रोचक है कि आज के विम्बलडन फाइनल में नई पी?ी बाजी मारेगी या एक बार फिर अनुभव ही भारी पड़ेगा

अल्कारेज को विरासत में मिली टेनिस साल 2003 में स्पेन के मर्सिया शहल में जन्मे कार्लोस को छोटी उम्र में ही टेनिस से प्यार हो गया। उन्हें टेनिस विरासत में मिली। वे एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जिसका टेनिस के प्रति रुझान था। कार्लोस के दादा ने एक टेनिस क्लब शुरू किया था, जबकि उनके पिता कार्लोस अल्कारेज सीनियर एक सेमी-प्रो टेनिस प्लेयर रहे। उनके पिता स्पेनिश चैंपियनशिप के रनर-अप रहे और एक टेनिस अकादमी भी चलाते थे। अल्कारेज ने 4 साल की उम्र में ही टेनिस खेलना शुरू कर दिया था। कार्लोस के पेरेंट्स ने उनकी क्षमता पहचानी और उन्हें अपने सपनों को जीने के लिए प्रोत्साहित किया। 12 साल की उम्र में ही कार्लोस अपने परिवार को छोड़कर बार्सिलोना में टेनिस कोचिंग लेने चले गए। यहां उन्होंने अपनी इंस्पिरेशन दिग्गज राफेल नडाल की एकेडमी में टेनिस की बारीकियां सीखनी शुरू कर दीं। स्पेन के राफेल नडाल ही टेनिस लीजेंड हैं।

साउथ जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब

दलीप ट्रॉफी 2023 के फाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने वेस्ट जोन को हरा दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबला रविवार को मैच के पांचवें दिन साउथ जोन ने वेस्ट जोन को 75 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मैच पांचवें दिन वेस्ट जोन ने 182/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। आखिरी दिन वेस्ट जोन को जीत के लिए 116 रन की जरूरत थी लेकिन टीम ने 47 रनों पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।चौथे दिन साउथ जोन 230 रन पर ऑलआउट हो गया और वेस्ट जोन को 298 रन का टारगेट दिया। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्ट जोन ने दूसरी पारी की शुरुआत की और 5 विकेट के नुकसान पर 182 रन बना लिए। अब आखिरी दिन वेस्ट जोन को जीत के लिए 116 रन की जरूरत थीतीसरे दिन शुक्रवार को खराब रोशनी की वजह से खेल को पहले रोकना प?ा। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ जोन ने दोनों पारियों के आधार पर 248 रन की ब?त बना चुकी है। दूसरी पारी में साउथ जोन ने 7 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए।दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में वेस्ट जोन ने स्टंप्स तक 7 विकेट के नुकसान पर 129 रन बना लिए हैं। टीम साउथ जोन से 84 रनों से पीछे है। इससे पहले साउथ जोन की टीम ने पहली पारी में 213 रन पर सिमट गई थी। बुधवार को पहले दिन के खेल समाप्त होने तक साउथ जोन ने 182 रन बनाए थे। वहीं गुरुवार को 182 रनों से आगे खेलते हुए 213 रन बनाए।पहले दिन का खेल खत्म होने तक साउथ जोन का स्कोर 182/7 रहा। वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ जोन की टीम के लिए पहले दिन हनुमा विहारी ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली।

विकास पर्व के शुभारंभ पर निमाड़ के किसानों को 1328 करोड़ रू. की दो सिंचाई परियोजनाओं की सौगात

असंभव क्षेत्र में जल उद्वहन योजना को साकार किया गया: सीएम चौहान

नागलवाड़ी में बनेगा भीलट देव लोक

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में विकास पर्व का शुभारंभ करते हुए निमाड़ के दो जिलों की जनता को 1328 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनी नागलवाड़ी और पाटी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएँ समर्पित कीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा की गई मांग आज पूरी हो गई है। प्रदेश सरकार ने असंभव क्षेत्रों में जल पहुँचाने के संकल्प को साकार कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों में नहर से पानी पहुँचाना संभव नहीं था, तो हमने पानी को उद्वहन करके खेतों तक पहुँचाया। किसानों की जिंदगी में खुशहाली लाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे और यही मेरा संकल्प भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निमाड़ की जनता को एक और सौगात देते हुए नागलवाड़ी में लोकदेवता भीलट देव का लोक बनाने की घोषणा की। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जल्द ही इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए विशेषज्ञों के दल की विजिट करायी जाए।कार्यक्रम में पशुपालन

मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, प्रभारी मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, राज्यसभा सांसद श्री सुमेरसिंह सोलंकी, पूर्व श्रम मंत्री श्री अंतर सिंह आर्य, पूर्व कृषि राज्य मंत्री श्री बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व सांसद श्री सुभाष पटेल और श्री कृष्णमुरारी मोघे सहित बड़वानी-खरगोन जिले के जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब वर्ग के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सीएम राइज स्कूल की संकल्पना प्रारम्भ की गई हैं। इन स्कूलों में लायब्रेरी, उत्कृष्ट लेब, आने-जाने के लिए स्कूल बस और स्मार्ट क्लास बनाई गई है। स्मार्ट क्लास भी ऐसी की अगर जरूरत हुई तो दिल्ली और बॉम्बे जैसे शहरों के शिक्षक से भी जुड़ सकते हैं।

20 जुलाई को 75 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूल में टॉपर को स्कूटी वितरण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने में सरकार पीछे नहीं है। इस वर्ष 12वीं कक्षा में जिन विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, उन्हें 20 जुलाई को लेपटॉप के लिए 25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रोजगार को लेकर कहा कि एक लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 50 हजार और पदों की भर्ती की जाएगी। साथ ही युवाओं को स्व-रोजगार के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य भी लगातार किया जा रहा है।

प्रदेश में 47 लाख हुईं लाड़ली लक्ष्मी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियों को बोझ नहीं बनने दिया जाएगा। प्रदेश में अब तक 47 लाख लाड़ली लक्ष्मी हो गई हैं, जिन्हें कॉलेज में आते-आते 12 हजार 500 रुपये मिलने लगेंगे। बेटियों को राजनीति में भी बराबर का भागीदार बनाया गया है। आधी सीटों पर बेटियों को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया, तो आज हमारी कई बहनें महापौर तो कई जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष बन गई हैं। इसके अलावा अगर कोई जमीन, मकान या दुकान बहनों के नाम पर ख़रीदता है तो उस पर 1 प्रतिशत स्टॉम्प शुल्क लगेगा। वहीं पुलिस में भी 30 प्रतिशत भर्ती बहनों की होगी।

सांसद की मांग को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूरा किया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा की गई नवग्रह और महाकाल लोक की तर्ज पर भीलट देव लोक बनाने की मांग को भी पूरा करने के लिए भीलट देव को प्रणाम करते हुए भीलट देव लोक बनाने की घोषणा की।

1 हजार 328 करोड़ 75 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा आज लोकार्पित दो परियोजनाओं से खरगोन और बड़वानी जिले के 147 ग्रामों के 49 हजार 423 किसानों को 52 हजार 940 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा। नागलवाड़ी और पाटी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएँ 1 हजार 328 करोड़ 75 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार हुई हैं।

योजनाओं के हितग्राहियों को भी दिया हितलाभ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागलवाड़ी में विकास पर्व कार्यक्रम में नागलवाड़ी के बजरंग गोयल को कृषि विभाग की रिपरकम बाइंडर यंत्र में 2 लाख 92 हजार रूपये, पॉवर विंडर यंत्र के लिए कमल किशोर कुशवाह को 1 लाख 9 हजार रूपये, रिवर्सिबल प्लाउ यंत्र के लिए शोभाराम को 98 हजार 800 रूपये का हितलाभ प्रदान किया। साथ ही 970 स्व-सहायता समूहों को 23 करोड़ 94 लाख रुपये का बैंक ऋण प्रदान किया गया। इसके अलावा सीएम युवा अन्नदूत योजना के हितग्राही जितेन्द्र चौहान, किरता वाडवी, मोहसिन खान, प्रदीप चौहान तथा मुकेश चौहान को वाहनों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री कृषक ऋण माफी योजना में केकड़िया मुन्नालाल, रोहित बाबूलाल, श्रीमती सुनिता बाबूलाल, कैलाश मांगीलाल को भी लाभान्वित किया गया।

बालाघाट जिले के देवरी में स्थापित होगी राजाभोज की मूर्ति

आयुष राज्य मंत्री श्री कावरे ने किया विकास पर्व का शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राम किशार कावरे ने कहा है कि बालाघाट जिले के परसवा?ा तहसील के ग्राम देवरी में राजाभोज की मूर्ति स्थापित की जायेगी। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अधो-संरचना के कार्यों को महत्व देते हुए गाँवों के समग्र विकास के लिये संकल्पित है। राज्य मंत्री श्री कावरे आज ग्राम देवरी में विकास पर्व के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने करीब 60 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि राज्य

सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ शुरू की हैं। ला?ली बहना योजना में अब प्रत्येक पात्र महिला के बैंक खाते में 1000 रूपये प्रतिमाह जमा कराये जा रहे हैं। ग्राम देवरी में 432 महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। किसानों के आर्थिक हितों की चिंता का उल्लेख करते हुए राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि प्रदेश में किसानों को एक साल में 12 हजार रूपये की राशि किसान सम्मान निधि योजना में दी जा रही है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जा रहा है।

टिकरवारा स्कूल में हुआ यातायात जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन

मण्डला/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला एवं बम्हनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार यातायात सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत क्राइम कंट्रोल एंड रिफार्म ऑर्गेनाइजेशन एवं पुलिस थाना बम्हनी बंजर ने आज दिनांक 15 जुलाई 2023 को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला टिकरवारा में यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया है। इस अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक कराया

गया।इस अभियान का उद्देश्य था छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करना और उन्हें यातायात नियमों का ज्ञान प्रदान करना। यह अभियान उनके जीवन में जिम्मेदार और सुरक्षित यात्रा की प्राथमिकता को बढ़ाने का प्रयास है।बम्हनी बंजर पुलिस थाने के कर्मचारियों ने अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को विभिन्न यातायात नियमों के बारे में शिक्षा दी और उन्हें सुरक्षा के लिए संभावित खतरों के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही, वे छात्रों को सड़क पार करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, हेलमेट पहनने और सावधानीपूर्वक गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों का पालन करने की महत्वपूर्णता पर भी जोर दिया। यातायात जागरूकता अभियान में बम्हनी बंजर थाना से ज्योति व्याम मेम, कृष्णा उइके मेम, क्राइम कंट्रोल एंड रिफार्म ऑर्गेनाइजेशन एरिया प्रसिडेंट प्रशांत पटैल एवं समस्त शाला स्टाप उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

युवा कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन, पटवारी भर्ती घोटाले में लिप्त दोषियों पर हो सख्त कार्यवाही

औबेदुल्लागंज/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस भोजपुर के तत्वावधान में आज शनिवार पटवारी भर्ती घोटाले के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया एवं राज्यपाल के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन दिया गया जिसमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और इस घोटाले में लिप्त नेता प्रशासनिक अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की गई ।लंबे अंतराल के बाद आज हुये धरना प्रदर्शन में नगर के तमाम कांग्रेसी एकजुट दिखे ओर सभी ने मिलकर कांग्रेस को मजबूत कर जनहित के मुद्दे उठाने की बात की इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले, तूफान सिंह राजपूत, बद्री सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य चंदा चौहान,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गौर विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान ,विक्रांत राय, युद्धवीर पटेल ,हरपाल सिंह राजपूत पामेश यादव, आशीष गौर, दुर्गेश यादव, सुदर्शन लोवंशी, महेंद्र धाकड़, भारत यात्री परेश नागर, राजू मेहरा ,विपिन सेन, अनिल परमार, कमलेश लोधीज़ मुन्ना भैया, बलवीर उईके, राजेंद्र परमार ,उत्तम यादव, बंदना मालविय, उत्तम यादव, मनोज नागर, जीतमल नागर, हरजीत सिंह मंगू, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महिला इकाई ने किया पौधारोपण

दमोह/नवप्रदेश। अखिल भारत वर्षीय गोलापूर्व महासभा महिला इकाई दमोह ने स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण किया। सदस्यों ने वृक्षा रोपण सुरक्षित स्थान पर किया जिससे इनकी देख रेख अच्छी तरह हो सके पौधा ज़ब वृक्ष बनता है तो ये ऑक्सीजन की कमी ही पूरी नहीं करता, पानी को भी बचाता है। सदस्यों ने इस भावना से वृक्षा रोपण किया कि इससे पर्यावरण तो स्वस्थ सुरक्षित रहेगा ही साथ ही आने वाली पीढ़ियों को संस्कार के साथ प्रकृति से जुड़े रहकर जीवन यापन करना सुलभ होगा। कार्यक्रम में महिला इकाई से सीमा जैन पारस अध्यक्ष, कविता जैन मंत्री, अर्चना जैन कोषाध्यक्ष, रोहिणी जैन संरक्षक, अनीता जैन संरक्षक, मोहनी जैन, मंजु मनीष जैन, शोभा जैन, सुषमा जैन बड़ा गांव, सुनीता जैन, नीलू जैन, ममता जैन, तरु जैन, आरती जैन, मीना जैन, शशि जैन, वंदना जैन, आकांक्षा जैन, मंजु जैन, अंजना जैन, अर्चना जैन प्राचार्य की गरिमामय उपस्थिति रही।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हटा की विशेष बैठक संपन्न

दमोह/**नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा नगर मंडल हटा की विशेष बैठक का आयोजन मुख्य आतिथ्य गणेश जाटव जिलाध्यक्ष अनु. जाति मोर्चा, हटा विधायक पीएल तंतुवाय एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष पलया की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अनूसूचित जाति मोर्चा जिला पदाधिकारी महामंत्री देवेन्द्र चौधरी एवं हेमंत तंतुवाय, अनूसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नारायण तंतुवाय, जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र अहिरवार, रामकुमार अहिरवार दीनदयाल मंडल नगर मंत्री, नगर अध्यक्ष अनु सूचित जाति मोर्चा देवांश तंतुवाय, नगर मंत्री सौरभ कोरी की उपस्तिथि रही। जिला अध्यक्ष जाटव ने बूथ विजय हेतु कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन दिया एवं संगठनात्मक चर्चा की कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल महामंत्री रत्नेश खटीक द्वारा किया गया।

व्याख्यानमाला में जैन सिद्धांत को समझा रहे हैं विद्वान

भोपाल/नवप्रदेश। श्री समय सार महामंडल विधान एवं आध्यात्मिक व्याख्यानमाला का समापन आज भगवान जिनेंद्र की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ भगवान जिनेंद्र का अभिषेक कर इंद्र इंद्राणीयों द्वारा मन्त्रोंचरित क्रियाओं के साथ मंडल पर अर्घ्य अर्पित किये जैनमति धर्मशाला मैं चल रहे अनुष्ठान में प्रति दिन भगवान जिनेंद्र की आराधना में लीन है श्रद्धालु कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रवक्ता अरुण वर्धमान ने बताया अध्यात्मिक व्याख्यानमाला के दौरान देश विदेश के ख्याति प्राप्त प्रमुख डॉ मनीष शास्त्री मेरठ संजय शास्त्री जेवर कोटा के साथ अनेकों विद्वान द्वारा जैन धर्म के सिद्धांत विस्तार से बताया जा रहा है।

सीएम के ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी में जुटे हैं भाजपा नेता

ब्यावरा/नवप्रदेश । प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कल सोमवार को ब्यावरा में आगमन होगा. मुख्यमंत्री यहां रोड शो कर बनता से रूबरू होंगे. रोड शो के साथ ही एक महती सभा को भी संबोधित करेंगे. मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर भाजपा मे जबर्दस्त उत्साह है. भाजपा की बैठक में मुख्यमंत्री के एतिहासिक स्वागत की रूपरेखा तैयार करते हुए नेताओ ने कहा कि रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का नगर में चप्पे-चप्पे पर भव्य स्वागत किया जाएगा.

जिला भाजपा मिडिया प्रभारी रवि बड़ोने ने

बताया कि जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की उपस्थिति में स्थानीय राजनसिटी स्थित भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों की बैठक रखी गई. उन्होंने बताया कि क्विंटलों फूलों से रोड शो के दौरान पुष्पवर्षा की जाएगी. स्थान-स्थान पर स्वागत द्वार के साथ समूच नगर को सजाया जाएगा. जिलाध्यक्ष ने आव्हान करते हुए कहा कि ब्यावरा में जनता से संपर्क करने आ रहे मुख्यमंत्री के स्वागत में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहना

विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में सीएम राइज स्कूल में संपन्न हुई

बड़वाह/नवप्रदेश। 15 जुलाई पूरे भारत में विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी उपलक्ष्य में एक प्रदर्शनी का आयोजन सी एम राइज शाला कन्या शाला बड़वाह में आयोजित की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला व्यावसायिक समन्वयक उद्यमिता प्रमुख श्री कुशल सराफ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आज भी कई ऐसे देश और समाज है जहा भारी संख्या में युवा बेरोजगार है। ऐसे में उन्हें कौशल बनाने और उनकी क्षमता के विकास के लिए जागरूकता पैदा करना जरूरी है, इसलिए हर साल 15 जुलाई के दिन विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जाता है।

दूरस्थ शिक्षा की सफलता उसके स्व अधिगम पाठ्य सामग्री की गुणवत्ता पर निर्भर करती है- प्रो. कान्हेरे

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में प्रो. रविंद्र कन्हारे, अध्यक्ष शुल्क नियामक आयोग उपस्थित थे। कार्यशाला के विषय ÷दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा के स्व अधिगम सामग्री का अभिकल्प और विकास÷ पर इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर और अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की एवं अपने सुझाव साझा किए। समापन सत्र की अध्यक्षता मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी द्वारा की गई। समापन कार्यक्रम में प्रो. रवीन्द्र कन्हारे, कुलपति प्रो. संजय तिवारी से साथ साथ, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. संतोष पांडा, प्रो. मधु परहार, उपनिदेशक डॉ. जी मैथिली व अन्य सम्मानीय अतिथि उपस्थित थे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए इग्नू की निदेशक प्रोफ़ेसर मधु परिहार ने कहा

की मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय को नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए अधिगम पाठ्य सामग्री के निर्माण की आवश्यकता है, और आशा है इस कार्यशाला से कार्य में काफी मदद मिलेगी ।उन्होंने कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था को दूरस्थ और मुक्त शिक्षा से भी आगे ऑनलाइन शिक्षा की ओर जाना है। उन्होंने प्रतिभागियों को से कहा कि इस तीन दिवस की कार्यशाला में जो हमने सीखा है, और जिसका प्रशिक्षण लिया है, जब तक इस्तेमाल नहीं करेंगे तब तक गुणवत्तापूर्ण अधिगम पाठ्य सामग्री तैयार नहीं होगी इसलिए प्रतिभागियों को निरंतर इसका अभ्यास करना होगा। इग्नू के निदेशक डॉ. संतोष पांडे ने बताया की इग्नू हमेशा ही मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय को उसके पाठ्य सामग्री निर्माण में मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा । उन्होंने विश्वविद्यालय का आवाहन किया कि वह भारत शासन के स्वयं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कोर्सेज को चालू करने में आगे आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. रविंद्र कन्हारे ने कहा की पारंपरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को अधिगम पाठ्य सामग्री लिखने के लिए एक अलग प्रकार के कौशल की आवश्यकता होती है । जो इस कार्यशाला से इन सभी प्रतिभागियों को अवश्य मिला होगा उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों और विद्यार्थियों के मध्य अंतर संवाद और आत्मीयता की कमी लगती है। e-content के विकास से ना केवल दूरस्थ और मुख्य शिक्षा के विद्यार्थियों को फायदा होगा। बल्कि इससे नियमित विद्यार्थियों को भी फायदा होगा और इस कंटेंट को ऐसे ही दृष्टिकोण से तैयार करना चाहिए। समापन सत्र से पूर्व तीसरे दिन के तकनीकी सत्र की शुरुआत डॉ. संतोष पांडा के प्रेरक वक्तव्य से हुई। अंतिम तकनीकी सत्र के पहले सत्र का उद्बोधन डॉ. जी. मैथिली द्वारा दिया गया। डॉ. मैथिली ने वर्तमान समय में बहुत उपयोगी टूल्स जैसे क्यू आर कोड, यू ट्यूब जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों की मदद से किस प्रकार स्व अधिगम सामग्री को नई पहचान दी जा सकती है और इनकी मदद से किस प्रकार शिक्षण संबंधी विडियोज तैयार किए जा सकते हैं। अंतिम तकनीकी सत्र को डॉ. मधु परहार द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने सभी शिक्षक प्रतिभागियों को इकाई लेखन का अभ्यास कराया एवम उनका प्रस्तुति करण करवाकर सामूहिक परिचर्चा कराई।समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भविष्य की शिक्षा दूरस्थ और मुक्त शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा का है और यह नई पीढ़ी की आवश्यकता भी है तकनीकी विकास में शिक्षा के परिदृश्य को बदल दिया है उन्होंने कहा अब ऐसी पुस्तकों की आवश्यकता है जो खुद शिक्षक का कार्य कर सकें , उन्होंने शिक्षकों का आवाहन किया है कि हमें इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी से अपडेट होना होगा तिवारी ने कहा कि इस कार्य से प्रतिभागियों को जो कौशल हासिल हुआ है जो हम लिखेंगे वह केवल दूरस्थ शिक्षा ही नहीं बल्कि अन्य पारंपरिक विद्यालयों के छात्रों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

विगत तीन दिवसीय इस कार्यशाला के सत्रांत में डॉ. अनिल कुमार शर्मा, कुलसचिव मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। समापन सत्र में कार्यशाला का प्रतिवेदन मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक डॉ. इंदिरा दांगी ने प्रस्तुत किया।